हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, गुरुवार, 9 अक्तूबर 2025 अंक 354/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-





विकास को मिली नई रफ्तार

# इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पीएम मोदी ने किया उद्‌घाटन

**मुंबई.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया. 19,650 करोड़ रुपये की लागत से इसे बनाया गया है. उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुंबई को आज दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट मिल गया. ये एयरपोर्ट, इस क्षेत्र को एशिया के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा. पीएम मोदी ने कहा कि आज मुंबई को पूरी तरह से अंडरग्राउंड मेट्रो भी मिली है. इससे मुंबई का सफर और भी आसान होगा और लोगों का समय भी बचेगा. उन्होंने कहा कि पहले की सरकार ने काम रोका था. बीजेपी की सरकार में मुंबई में विकास को नया आयाम मिला है. पीएम मोदी ने कहा कि उड़ान योजना से सभी को लाभ मिला. एयरपोर्ट से किसानों को भी फायदा होगा. पीएम मोदी ने कहा कि हम उन संस्कारों में पले-बड़े हैं, जहां राष्ट्रनीति ही राजनीति का आधार है. हमारे लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगने वाला एक-एक पैसा देशवासियों की सुविधा और सामर्थ्य को बढ़ाने का माध्यम है



### घर का पैसा घर में रहना चाहिए

जीएसटी में जो नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म हुए, जो चीजें सस्ती हुई हैं, उससे भी देश के लोगों का सामर्थ बढ़ा है. आंकड़े बताते हैं कि इस बार नवरात्रि में बिक्री के कई सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं. जिससे देशवासियों का जीवन बेहतर हो, जिससे देश को ताकत मिले, हमारी सरकार आगे भी ऐसे ही कदम उठाती रहेगी. लेकिन मेरा आपसे भी एक आग्रह है कि स्वदेशी को अपनाएं. 'गर्व से कहिए, यह स्वदेशी है' यह हर घर और बाजार का मंत्र होना चाहिए. घर का पैसा घर में रहना चाहिए. जब पूरा भारत स्वदेशी को अपनाएगा तो भारत का सामर्थ बढ़ जाएगा.

### मुंबई सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा जोर लोगों का जीवन आसान बनाने पर है. उन्होंने कहा कि नौजवान हमारी ताकत है. भारत दुनिया का सबसे युवा देश है. मुंबई, भारत की आर्थिक राजधानी के साथ-साथ भारत के सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है. इसलिए 2008 में आतंकियों ने मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना. लेकिन तब कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, उसने कमजोरी का संदेश दिया और आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे लिए देश और देशवासियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है. आज का भारत दमदार जवाब देता है, घर में घुसकर मारता है. यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है.

लेकिन दूसरी तरफ देश में एक ऐसी राजनीतिक धारा भी रही है जो जनता की सुविधा नहीं, सत्ता की सुविधा को ऊपर रखती है. यह वे लोग हैं जो विकास के काम में रुकावट डालते हैं. आज जिस मेट्रो लाइन का लोकार्पण हुआ है, यह उन लोगों के कारनामों की याद भी दिलाता है. मैं इसके भूमिपूजन में शामिल हुआ था. उस समय मुंबई के लाखों परिवारों को उम्मीद जगी थी कि उनकी परेशानियां कम होंगी लेकिन फिर कुछ समय के लिए जो सरकार आई उसने ये काम ही रोक दिया. उन्हें सत्ता मिली लेकिन देश को हजारों-करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ, इतने सालों तक असुविधा हुई. अब मेट्रो लाइन बनने से 2-2.30 घंटे का सफर 30-40 मिनट में हो जाएगा. जिस मुंबई में एक-एक मिनट का महत्व है, वहां 3-4 साल तक इस सुविधा से मुंबई के लोग वंचित रहे. यह किसी पाप से कम नहीं है.

# डब्ल्यूसीएल डिस्पेंसरी में फर्जीवाड़ा

## मेडिकल अधीक्षक और मेडिकल स्टोर्स संचालक पर सीबीआई का शिकंजा




**नागपुर.** सीबीआई की नागपुर इकाई ने डब्ल्यूसीएल (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) की सिविल लाइंस स्थित डिस्पेंसरी में हुए फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई प्रिस्क्रिप्शन (चिकित्सीय पर्ची) में हेराफेरी कर बढ़े हुए बिल भुगतान का दावा करने के आरोप में की गई है। आरोपियों में डब्ल्यूसीएल डिस्पेंसरी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पृथ्वी कृष्ण पट्टा और मे. सदगुरु मेडिकल स्टोर्स के संचालक कमलेश लालवानी शामिल हैं।

सीबीआई को 17 सितंबर को शिकायत प्राप्त हुई थी कि डॉ. पट्टा द्वारा तैयार किए गए जाली मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर सदगुरु मेडिकल स्टोर्स ने बढ़ा-चढ़ाकर बिल प्रस्तुत किए और डब्ल्यूसीएल से भुगतान का दावा किया। शिकायत के बाद सीबीआई ने डब्ल्यूसीएल के सतर्कता विभाग के साथ मिलकर चिकित्सा विभाग और सिविल लाइंस स्थित डिस्पेंसरी में छानबीन की। जांच में पाया गया कि मूल प्रिस्क्रिप्शन में महंगी दवाएं बाद में जोड़ी गई थीं, जबकि डिस्पेंसरी में रखी कार्बन प्रतियों में ये दवाएं नहीं थीं। कई मरीजों ने भी यह स्वीकार किया कि उन्होंने वे दवाएं कभी नहीं लीं। जांच में यह खुलासा हुआ कि डॉ. पट्टा ने कमलेश लालवानी की मदद से मूल पर्चियों में हेराफेरी कर बढ़ी हुई राशि के बिल पेश किए, जिससे सदगुरु मेडिकल स्टोर्स को लगभग 1.55 लाख का अनुचित लाभ पहुंचाया गया। इस आधार पर सीबीआई ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच अधीक्षक ऋषिकेश सोनावणे के मार्गदर्शन में की जा रही है। सीबीआई यह पता लगाने में जुटी है कि इस गड़बड़ी में अन्य कर्मचारी या अधिकारी शामिल थे या नहीं।

# 93वां वायुसेना दिवस वायुशक्ति का नया युग

**नई दिल्ली.**



भारतीय वायुसेना ने बुधवार को अपना 93वां स्थापना दिवस मना रही है. 8 अक्टूबर 1932 को वायुसेना की स्थापना हुई थी और तब से हर साल यह दिन देशभर में गर्व और सम्मान के साथ मनाया जाता है. लेकिन इस साल का वायुसेना दिवस इसलिए भी खास है क्योंकि मई 2025 में हुए ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत की वायु शक्ति अब पहले से कहीं अधिक सटीक, आधुनिक और निर्णायक हो चुकी है. 7 मई से 10 मई तक चली इस जंग में भारतीय थलसेना और वायुसेना की संयुक्त कार्रवाई ने पाकिस्तान की कमर तोड़कर रख दी. भारतीय फाइटर जेट्स के सटीक हवाई हमलों ने पाकिस्तान में मौजूद कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया. भारतीय सेना की इस आकाशीय रणनीति से घबराकर पाकिस्तान ने युद्ध विराम की मांग की. इस पूरे अभियान ने यह साफ कर दिया कि अब युद्ध का स्वरूप बदल चुका है. आने वाले समय में पारंपरिक लड़ाइयों की जगह तकनीकी और हवाई युद्धों का युग होगा, जिसमें वायुसेना, ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम निर्णायक भूमिका निभाएंगे. ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह दुनिया को एक संदेश था कि भारत अब किसी भी चुनौती का जवाब तेज, सटीक और तकनीकी रूप से देने में सक्षम है. इस अभियान में वायुसेना के ड्रोन, मिसाइल और स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई. भारत के 'आकाशतीर' सिस्टम ने दुश्मन की मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया. इससे यह साबित हो गया कि भारत अब अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी तरह आत्मनिर्भर और तैयार है. यह ऑपरेशन इस बात का भी प्रतीक था कि आधुनिक युद्ध केवल बंदूकों से नहीं, बल्कि डेटा, सैटेलाइट, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों से लड़े जाएंगे. वायुसेना अब इन्हीं दिशाओं में अपने सिस्टम को मजबूत बना रही है ताकि किसी भी खतरे से पहले ही निपटने की क्षमता हासिल की जा सके. भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना, तीनों ही तेजी से आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही हैं. अब इनकी रणनीतियां एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं ताकि किसी भी परिस्थिति में सामूहिक और प्रभावी जवाब दिया जा सके. इसी उद्देश्य से थिएटर कमांड की स्थापना की जा रही है. इससे तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और भी बेहतर होगा.

# मराठा आरक्षण के समर्थन में 'प्लान' आत्महत्या



**लातूर.** राज्य के लातूर से एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है. आरक्षण के समर्थन में हुई आत्महत्याओं की जांच में पुलिस ने पाया है कि जिन सुसाइड नोट्स को आत्महत्या से पहले लिखा बताया गया था, वे असल में बाद में 'प्लांट' की गई थीं. पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी और झूठी जानकारी देने के आरोप में केस दर्ज किया है. पुलिस ने बताया कि कई मामलों में पीड़ितों ने सुसाइड नोट्स खुद नहीं लिखे थे, बल्कि उनके परिजनों ने बाद में ये नोट रखे थे. इसका मकसद था कि आत्महत्याओं को आरक्षण आंदोलन से जोड़कर समाज में सहानुभूति और सरकार से आर्थिक मदद हासिल करना. 26 अगस्त को बलीराम श्रीपती मुले नामक व्यक्ति ने ज़हर खाकर आत्महत्या की कोशिश की, लेकिन वह बच गया. जांच में सामने आया कि उसके चचेरे भाई ने उसकी जेब में मराठा आरक्षण के लिए आत्महत्या लिखी चिट्ठी बाद में रखी थी.शिवाजी मेले की मौत बिजली के झटके से हुई थी. उनकी जेब से महादेव कोली समाज के आरक्षण के लिए आत्महत्या का नोट मिला था, लेकिन जांच में पता चला कि यह चिट्ठी भी परिजनों ने बाद में रखी थी. इन तीनों मामलों में पुलिस ने फर्जी दस्तावेज़ और झूठी जानकारी देने के आरोप में केस दर्ज किये हैं.

# नदी में जहरीले पदार्थ फेंकने से मना करने पर की हत्या

**पालघर.** राज्य के पालघर जिले में एक नदी में ज़हरीला पदार्थ फेंकने पर आपत्ति जताने पर तीन लोगों ने 55 वर्षीय एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी.घटना सोमवार को हुई और पुलिस ने 12 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पीड़ित, मोखदा तालुका के सतुरली गांव निवासी नवसु लडक्या फुफाने ने तीन लोगों द्वारा वैतरणा नदी में मछली मारने के लिए ज़हरीला पदार्थ फेंकने पर आपत्ति जताई थी. पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख ने बताया कि आरोपियों की पहचान जितेंद्र उर्फ जीतू जयराम पाटिल (31), रितेश उर्फ गुड्डा तुकाराम पाटिल (23) और प्रमोद उर्फ पन्या चिंतामन वारघाडे (25) के रूप में हुई है. ये सभी सतुरली के निवासी हैं.

# पुणे में 10 बजे के बाद पटाखों पर बैन



**पुणे.** दिवाली के मद्देनजर, पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शहर में पटाखों की दुकानों और पटाखे फोड़ने के संबंध में नियमों की घोषणा की है। इसके अनुसार, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस ने आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखे फोड़ने के संबंध में नियम बनाए हैं। ध्वनि और वायु प्रदूषण से बचने के लिए नियमों का पालन करने के निर्देश दिये गए हैं। इसके अनुसार, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस नियमों के अनुसार, तेज़ आवाज़ वाले 'एटम बम' फोड़ने, रखने और बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शहर में अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और अदालतों के 100 मीटर के दायरे में साइलेंस ज़ोन है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने एक आदेश में कहा कि इस क्षेत्र में दिन और रात दोनों समय पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पटाखा विक्रेताओं को नियमों का पालन करना होगा। पुणे शहरी क्षेत्र में 20 से 24 अक्टूबर तक पटाखे बेचने की अस्थायी अनुमति दी गई है। राजमार्गों और पुलों पर पटाखे फोड़ने और पटाखे चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पटाखों की ध्वनि सीमा 125 डेसिबल से अधिक नहीं होनी चाहिए, नियमों का पालन करना अनिवार्य है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# दिल्ली में जल आपूर्ति को लेकर बड़ी पहल


**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 9 अक्टूबर को दिल्ली जल बोर्ड की 1816 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे. इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के पीडब्लूडी मंत्री प्रवेश वर्मा भी मौजूद रहेंगे. इन परियोजनाओं से 30 लाख से अधिक लोगों को चौबीसों घंटे जल की आपूर्ति की सुविधा



मिलने की आशा है. वजीराबाद वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र में जल आपूर्ति सुधार परियोजना को फिर से शुरू किया जा रहा है. इससे पंजाबी बाग, बुराड़ी और पीतमपुरा जैसे क्षेत्रों में भी 24 घंटे जल की आपूर्ति हो पाएगी.

# बिहार चुनाव 2025: सीट शेयरिंग पर फंसा पेंच

**पटना.**



बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच में सीटों को लेकर खींचतान जारी है. न अभी तक एनडीए में सीट शेयरिंग पर बात बनी है और न ही इंडिया में. कहा जा रहा है कि महागठबंधन में 11 अक्टूबर को सीट शेयरिंग पर ऐलान हो सकता है. वहीं एनडीए में इसके लिए एक-दो दिन का वक्त लग सकता है. महागठबंधन में मुकेश सहनी पेंच फंसाए हुए और एनडीए में चिराग. ऐसे में अगले दोसे तीन दिनों में सबकुछ साफ हो जाएगा. बिहार में दो चरणों में वोटिंग है. 6 और 11 नवंबर. 14 को नतीजे आएंगे. मीडिया न फैलाएं भ्रामक खबरें: लोजपा रामविलास, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने कहा है कि मीडिया किसी भी तरह की भ्रामक खबरें न फैलाएं. एनडीए गठबंधन में बातचीत अच्छे तरीके से चल रही है. मैं मानता हूं कि सही समय पर फैसला ले लिया जाएगा. मेरी मांग बिहार को फर्स्ट और बिहारी को फर्स्ट बनाने की है. यह बातें केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपने पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित पैतृक ग्राम खगड़िया जिले के शहरबन्नी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहीं. चिराग पासवान अपने पिता को याद कर भावुक हो गए. चिराग ने कहा कि आज ही के दिन मैंने अपने पिता को खोया था. ऐसा लगता है कि आज भी वह मेरे इर्द-गिर्द मौजूद है. उनके निधन के बाद उनके सपनों को पूरा करने के लिए लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने का काम किया. यकीनन इस दौरान कई उतार चढ़ाव आए, पार्टी टूटी परिवार टूटा लेकिन पिता के सपनों को पूरा करने के लक्ष्य को मैंने कभी टूटने नहीं दिया. उनके जाने के बाद विपरीत परिस्थितियां थी. 2020 में पार्टी को अकेले चुनाव लड़ना पड़ा था. उस स्थिति का काफी मजबूती से सामना किया. जो परिणाम बिहार की जनता ने दी उसे सर आंखों पर रखते हुए बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की सोच के साथ आगे बढ़ता रहा. आज पुनः मेरे नेता की यह पुण्यतिथि हर लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ता के लिए संकल्प दिवस के तौर पर है, जहां उनके सपनों को फर्स्ट बनाना हमारा लक्ष्य है. बेहतर बिहार बनाना है तो महागठबंधन की सरकार बनानी होगी: वीआईपी, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि बिहार की जनता मौजूदा सरकार में परेशान है. अगर सामाजिक न्याय की विचार वाली सरकार बनानी है तो हम सबको त्याग कर बेहतर बिहार बनाने के लिए संघर्ष करना है.

बिहार को बेहतर बिहार बनाना है तो महागठबन्धन की सरकार बनानी होगी. उन्होंने कहा कि महागठबन्धन अटूट है और बिहार में सरकार भी बनाएंगे. मुकेश सहनी ने बुधवार को दावा करते हुए कहा कि कल या परसों सीटों की घोषणा कर दी जाएगी. उन्होंने साफ किया कि महागठबन्धन में 90 प्रतिशत चीजें तय हो चुकी हैं, 10 प्रतिशत यानी कुछ सीटों के उम्मीदवार को लेकर बात चल रही है. उन्होंने फिर दोहराया कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी और तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे और अति पिछड़े का बेटा डिप्टी सीएम होगा. हम लोग अपनी-अपनी दावेदारी कर रहे हैं, बनाना तो जनता को है. इधर, महागठबन्धन में भाजपा द्वारा डिप्टी सीएम को लेकर तय होने की बात को लेकर सहनी ने कहा कि यह तो उन्होंने मान लिया कि महागठबंधन की सरकार बननी है. बिहार मोदी का और मोदी बिहार के: बीजेपी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2014 से अब तक बिहार के विकास के लिए किये गये कार्य के कारण बिहार विकास की रफ्तार पकड़ चुका है. बिहार मोदी की मुरीद हो चुकी है और मोदी बिहार का हो चुके हैं. यह बातें बीजेपी के प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने बुधवार को कही. पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद से बिहार में अभूतपूर्व विकास की दिशा में ठोस कार्य हुए हैं. केंद्र सरकार ने बिहार को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए हर क्षेत्र में ऐतिहासिक योजनाएं दीं और उनके क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया. बुनियादी ढांचा का विकास बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 2014 की तुलना में दोगुनी से अधिक हुई. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार को बुनियादी ढाँचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, और सामाजिक सुरक्षा के हर क्षेत्र में नई पहचान मिली है. सीजेआई पर हुए हमले पर नीतीश, चिराग और मांझी मौन क्यों? कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी के सांसद तनुज पुनिया ने सीएम नीतीश कुमार, चिराग पासवान और जीतन राम मांझी से सवाल किया है. प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में लोकसभा सांसद तनुज पूनिया ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें कलम की ताकत दी थी. आज जब एक दलित उस ताक़त का इस्तेमाल कर के देश की सर्वोच्च न्यायिक कुर्सी पर बैठा है तो ये हमें जूते से डरा रहे है. आरएसएस-भाजपा मानसिकता से प्रेरित लोग लगातार मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ ज़हर उगल रहे हैं. हम इसकी कठोर निंदा करते हैं. यह जूता भारत की संवैधानिक अस्मिता पर फेंका गया है. बाबा साहेब के आदर्शों पर मारा गया है और देश के दलितों के आत्मसम्मान पर मारा गया है.

जेपी के सपने को नीतीश कुमार कर रहे साकार-जेडीयू, जेडीयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा और पार्टी मीडिया पैनलिस्ट किशोर कुणाल ने बुधवार को मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सही मायनों में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के सपनों को साकार करने का काम किया है. उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण का सपना था, एक ऐसा समाज और शासन व्यवस्था, जहां लोकतंत्र गहराई तक पहुंचे. सामाजिक न्याय हो, भ्रष्टाचार न हो और जनता की आवाज सुनी जाए. आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में वही दृष्टि साकार हो रही है. सुशासन और पारदर्शिता को आधार बनाकर नीतीश कुमार ने भ्रष्टाचार और मनमानी के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं. लोक शिकायत निवारण कानून और जनता दरबार जैसी व्यवस्थाओं ने आम आदमी की आवाज को सीधे सरकार तक पहुंचाने का रास्ता खोला है. बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कर्पूरी सभागार में राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में बुधवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनता दल यू से बडी संख्या में लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की. इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, ललित यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू समेत कई नेता उपस्थित रहे.

# महागठबंधन और एनडीए में मंथन जारी

### तेजस्वी के झांसे और जुमलों में नहीं फंसेगी जनता: जेडीयू



*जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि बिहार की जनता तेजस्वी यादव के झांसे और जुमलों में फँसने वाली नहीं है. बिहार की राजनीति में अब, जनता की आंखों में धूल झोंककर जनमत प्राप्त करने का दौर समाप्त हो चुका है. जनता अब झूठे वादों और सच्चे इरादों के बीच का फर्क बखूबी समझती है, इसलिए तेजस्वी यादव चाहे जितने भी दांव आजमा लें, बिहार की जागरूक और होशियार जनता उन पर भरोसा नहीं करेगी. उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी यादव के पास न तो अपने माता-पिता के 1990 से 2005 के बीच की कोई उपलब्धि बताने को है, और न ही भविष्य के लिए कोई स्पष्ट दृष्टि. उनका पूरा राजनीतिक एजेंडा केवल झूठ फैलाने, बिना काम के श्रेय लेने और जनता को गुमराह करने तक सीमित है. नकारात्मक राजनीति के सहारे सत्ता में आने का उनका सपना किसी भी सूरत में साकार नहीं होगा. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार जंगलराज, पिछड़ेपन और गरीबी से निकलकर विकसित राज्य के सपनों को पूरा करने की ओर तेजी से अग्रसर है. बीते दो दशकों में नीतीश कुमार ने न केवल बिहार की तस्वीर और तकदीर बदली है, बल्कि प्रदेश की छवि को भी बदलने का काम किया है. आज देश-दुनिया में बिहार की पहचान न्याय के साथ विकास और सुशासन राज के रूप में स्थापित हो चुकी है. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष राजनीतिक हताशा में पूरी तरह से डूबा हुआ है. उनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, जिसे लेकर वे जनता के बीच जा सकें.*




## भुजबल ने दिये संकेत

# लाड़की बहिन योजना पर संकट?

**मुंबई.**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहिन योजना' को लेकर सियासत तेज हो गई है. राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने इस योजना पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इससे अन्य सरकारी योजनाओं पर



असर पड़ सकता है क्योंकि फिलहाल सभी विभाग फंड की कमी से जूझ रहे हैं. वहीं शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने इस बयान पर पलटवार करते हुए साफ कहा है कि यह योजना लाखों बहनों की उम्मीद से जुड़ी है, इसे किसी भी हालत में बंद नहीं किया जाएगा. कृष्णा हेगड़े ने बिहार विधानसभा चुनाव पर आए आईएएनएस-मैट्रिज सर्वे को सटीक बताया.

उन्होंने कहा कि सर्वे के मुताबिक एनडीए को बहुमत मिलना तय है. उन्होंने कहा, 'पोल प्रेडिक्शन बिल्कुल सही है. बिहार में फिर भाजपा और नीतीश कुमार की सरकार बनेगी. युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों और हर वर्ग के लिए काम हुआ है. जातिगत जनगणना पूरी हुई और सुविधाएं आम आदमी तक पहुंचीं. नीतीश के नेतृत्व में जनता संतुष्ट है, भाजपा को भरपूर समर्थन मिलेगा.दार्जिलिंग में भूस्खलन से हुई मौतों पर भी हेगड़े ने प्रतिक्रिया दी.

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने तुरंत राहत सामग्री भेजी है. हेगड़े ने कहा, मोदी ने राहत कार्यों में पूरी टीम लगाई और भाजपा कार्यकर्ता मदद कर रहे हैं. ममता सरकार के कार्यकाल में कोई ठोस काम नहीं हुआ. वह आपदा में राहत देने में असमर्थ रही और अब बयानबाजी से नाकामी छिपा रही हैं.

राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव के हालिया बयान पर भी शिवसेना प्रवक्ता ने तीखा पलटवार किया. उन्होंने कहा, एनडीए की जीत होने वाली है.

### 'योजना को कभी बंद नहीं किया जा सकता'- शिवसेना

शिवसेना प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने भुजबल के बयान पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, योजना हमारी प्रमुख थीम है, जिसे लाखों बहनों का समर्थन प्राप्त है, इसलिए इसे कभी बंद नहीं किया जा सकता. योजना के लिए आवंटित धन नियमित जारी रहेगा और सरकार मजबूत है. सभी विभागों को आवश्यक फंड मिल रहा है.

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 6150 Dt. 29/08/25

**IN THE COURT OF 3rd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 516**

**M.J.C. Case No. 498/2025**

**Fixed For 29/10/2025**

**Applicant : 1) Kavita Tarachand Shende, 2) Aadesh Tarachand Shende, 3) Sandesh Tarachand Shende --Versus--**

**Non-Applicants:Nil**

**Name of Deceased : 1) Tarachand Shrawan Shende, Died On: 03/08/2020,** R/o Plot No. 55, Amravati Road Mamta Kirana Shop Near Hari Om Society, Dattawadi, Nagpur.

Whereas **Tarachand Shrawan Shende, Died On: 03/08/2020,** R/o Plot No. 55, Amravati Road Mamta Kirana Shop Near Hari Om Society, Dattawadi, Nagpur. and Whereas **Kavita Tarachand Shende & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Kavita Tarachand Shende & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **3rd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **29th Day of October, 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that **29th day of August, 2025.**

Seal — **By order of the Court**
**Asstt. Supdt. (T.W.)**
**Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.**

Prasanna Publicity 09326927622

**महाराष्ट्र शासन महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**

**(जुने पोलीस अधिक्षक कार्यालय (शहर) नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.**

**Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५**

**क.स.म.अ./तह. नाग (शहर)/कावि ११८२/२०२५**

**वाचा : १)** सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, **२)** मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, **३)** मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, **४) मनीषा अरूण वैद्य, लग्ना पूर्वीचे नाव मनीषा गणू गटपाले,** रा. प्लॉट नं. ११२, उमरेड रोड, बहादुरा, फाटा, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक २२/०७/२०२५

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **मनीषा अरूण वैद्य, लग्ना पूर्वीचे नाव मनीषा गणू गटपाले,** रा. प्लॉट नं. ११२, उमरेड रोड, बहादुरा, फाटा, नागपूर माहेरचा पत्ता- छावणी, हनुमान मंदिरा जवळ, मधुकर कदम यांच्या राहते घरी, नागपूर त्यांच्या स्वत:च्या **जन्माची** नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **मनीषा अरूण वैद्य** यांचा **जन्म दिनांक ३०/०१/१९७७** रोजी **त्यांच्या माहेरी छावणी हनुमान मंदिरा जवळ मधुकर कदम यांच्या राहते घरी नागपूर** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का — **तहसिलदार तथा**
**तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता**

Prasanna Publicity 09326927622

# ठाकरे बंधुओं के गठबंधन से बढ़ी हलचल



**मुंबई.** राज्य में मनसे प्रमुख राज ठाकरे को महा विकास अघाड़ी में शामिल करने को लेकर कांग्रेस और ठाकरे की शिवसेना के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली है. उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के राज ठाकरे को महा विकास अघाड़ी में शामिल करने के मुद्दे पर दिए गए बयान का कड़ा विरोध किया है. उद्धव ठाकरे गुट के सांसद अरविंद सावंत ने अकोला में एक कार्यक्रम के दौरान सीधा सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या हर्षवर्धन सपकाल के पास वाकई इस मुद्दे पर फैसला लेने का अधिकार है? सावंत ने कहा कि राज ठाकरे को साथ न लेने का विचार कांग्रेस का हो सकता है. हालांकि, उन्होंने ने यह भी कहा है कि राज ठाकरे को साथ लेने का हमारा विचार पक्का हो गया है. इस बीच, गठबंधन पर बोलते हुए, उद्धव ठाकरे ने दशहरा सभा में कहा था कि हम साथ रहने के लिए ही साथ आए हैं. सावंत ने इस समय उद्धव ठाकरे के इस बयान की भी याद दिलाई. क्या राज ठाकरे के मुद्दे पर कांग्रेस साथ छोड़ देगी? इस सवाल पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे इस पर फैसला लेंगे. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा है कि राज ठाकरे के साथ जाने का शिवसेना का फैसला पक्का हो गया है. मुंबई के कस्तूरबा गांधी अस्पताल में प्रबोधनकार ठाकरे की किताब को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए सावंत ने इसकी कड़ी आलोचना की है. उन्होंने कहा कि किताब फेंकना और मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर हमला करना इसी प्रवृत्ति का परिणाम है. इस घटना से महाराष्ट्र की संस्कृति का ह्रास हुआ है. उन्होंने मांग की है कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए. उन्होंने कल शिवसेना के चुनाव चिन्ह को लेकर सुप्रीम कोर्ट में होने वाली अंतिम सुनवाई पर भी टिप्पणी की. अरविंद सावंत ने कहा है कि इस मुद्दे पर अंतिम सुनवाई मूल रूप से पूर्व मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के कार्यकाल में होने की उम्मीद थी.

## 'बोर हो रहा था इसलिए मां को मार डाला'

**नाशिक.** राज्य के नाशिक से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने अपनी बूढ़ी मां को सिर्फ इसलिए मार डाला क्योंकि वह बोर हो रहा था. इसके बाद आरोपी ने खुद ही थाने में जाकर सरेंडर कर दिया. दरअसल, ये पूरी घटना नाशिक के जेल रोड स्थित शिवाजीनगर इलाके की है, जहां मंगलवार की रात 58 वर्षीय अरविंद मुरलीधर पाटिल ने अपनी 80 वर्षीय मां, यशोदाबाई मुरलीधर पाटिल का गला घोंटकर निर्मम हत्या कर दी. हत्या के बाद आरोपी अरविंद खुद नाशिक रोड पुलिस थाने पहुंचा और अधिकारियों से कहा, "मैं बोर हो गया था, इसलिए अपनी मां को मार डाला. अब मुझे गिरफ्तार कर लो." पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में लेकर घर की तलाशी ली.




# कार्यालय नगरपरिषद वानाडोंगरी
# ता. हिंगणा, जि. नागपुर

mcwanadongari2016@gmail.com

**जा.क्र.नपवा/बांध/निविदा/कावि/२७८२/२०२५-२६**
**कार्यालय नगर परिषद वानाडोंगरी**
**दिनांक :- ०८/०९/२०२५**

## ई-निविदा सूचना

मुख्यधिकारी नगर परिषद वानाडोंगरी, जि. नागपूर यांचा वतीने सन २०२५-२६ या आर्थिक वर्षात १ कामाची सार्वजनिक बांधकाम विभागाकडे नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून निविदा मागविण्यात येत आहे. वरील कामाची निविदा केवळ ई- निविदा पद्धतीने करावयाची आहे, निविदाचा विस्तृत नमुना महाराष्ट्र शासनाचा **htpp:// mahatenders.gov.in** या संकेतस्थळावर (वेबसाईटवर) दिनांक ०९/१०/२०२५ पासून पाहण्यास उपलब्ध आहे. करिता कामाचा तपशील खालील प्रमाणे आहे.

## ई-निविदा प्रसिद्धी तपशील

| | |
|---|---|
| ई- निविदा प्रसिद्धी दिनांक | दिनांक :- ०९/१०/२०२५ दुपारी ४ वाजता. |
| ई- निविदा दस्तावेज डाउनलोड दिनांक | दिनांक :- ०९/१०/२०२५ ते १७/१०/२०२५ सायं. ५.०० पर्यंत |
| ई- निविदा दाखल दिनांक | दिनांक :- ०९/१०/२०२५ ते १७/१०/२०२५ सायं. ५.०० पर्यंत |
| ई- निविदा उघडण्याचा दिनांक | दिनांक :- २०/१०/२०२५ सकाळी ११.०० वाजता शक्य झाल्यास |

**अटी व शर्ती**

निविदेच्या अटी व शर्तीसंबंधितविभागात तसेच htpp://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर (वेबसाईटवर) पाहण्यास उपलब्ध आहे.

संबंधित कंत्राटदार सार्वजनिक बांधकाम विभागाकडे योग्य वर्गात नोंदणीकृत असणे आवश्यक आहे. निधीच्या उपलब्धतेनुसार निधीचे देयके प्रदान करण्यात येईल.

**-स्वा-**
**(राहुल परिहार)**
**मुख्याधिकारी नगर परिषद वानाडोंगरी**




# मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस




**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञापन हेतु संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088**

## सुविचार

दुआ कभी साथ नही छोड़ती और बद्दुआ, कभी पीछा नही छोड़ती। जो दोगे वही लौटकर आएगा। फिर चाहे वह इज़्ज़त हो या धोखा।

## संपादकीय

# खत्म हो संघर्ष

इस्राइल और हमास को लड़ते हुए दो साल हो गए। इस संघर्ष ने 65 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले ली और लाखों को विस्थापित कर दिया। इस बार अमेरिका ने शांति का प्लान तैयार किया है और दुनिया की नजरें इजिप्ट में हो रही वार्ता पर टिकी हैं। इस्राइल-फलस्तीन विवाद एक सदी से भी अधिक समय से सुलग रहा है। 1948 में इस्राइल के नक्शे पर आने के बाद यह इलाका कई युद्ध और संघर्ष देख चुका है, लेकिन मौजूदा संकट जितना लंबा कोई भी नहीं चला। इन दो बरसों के दौरान कई ऐसे मोड़ आए, जब लगा कि यह संघर्ष भयानक युद्ध का रूप लेकर पूरे पश्चिम एशिया को अपनी चपेट में लेगा। शांति की राह में सबसे बड़ी रुकावट दोनों पक्षों का एक-दूसरे पर अविश्वास है। न इस्राइल को हमास पर भरोसा है और न अरब वर्ल्ड इस्राइल पर यकीन कर पा रहा है।

संघर्षविराम के पिछले सारे प्रयास इसी वजह से किसी अंजाम तक नहीं पहुंच पाए। हालांकि इस बार बात अलग है। यह प्लान ट्रंप सरकार ने बनाया है, जो अभी तक इस्राइल को खुली छूट दिए हुए था। सबसे बड़ी बात, इसमें फलस्तीनी अथॉरिटी के लिए जगह छोड़ी गई है। अमेरिकी दबाव में ही सही, इस्राइल का इस बिंदु पर सहमत होना बड़ा बदलाव है। वहीं, हमास का प्लान को स्वीकार करते हुए बातचीत की मेज पर आना भी सकारात्मक कहा जा सकता है, क्योंकि अभी तक वह ऐसे प्रस्तावों को सिरे से खारिज करता रहा है। किसी भी बातचीत के सफल होने के लिए लचीलापन जरूरी है।

अब उम्मीद ही की जा सकती है कि दोनों पक्ष समझदारी दिखाएंगे। यहां अहम है कि ट्रंप तुरंत कोई परिणाम चाहते हैं। उनके हिसाब से इस हफ्ते के आखिर तक पहले दौर की योजना पूरी हो जानी चाहिए। लेकिन शायद इतनी आशा पालना भी सही नहीं। इस्राइल और हमास के अलावा भी गाजा से जुड़े कई पक्ष हैं, और जब तक सभी संतुष्ट नहीं हो जाते, कोई नतीजा निकलना मुश्किल है। दुनिया को याद रखना चाहिए कि गाजा जियो-पॉलिटिकल एक्सपेरिमेंट की जगह नहीं है, जहां किसी प्लान की जोर-आजमाइश की जाए। यह 20 लाख से अधिक लोगों का घर है, जो दशकों से वैश्विक ताकतों के बीच पिसते आ रहे हैं। कहीं और रहने वालों को जो मिलता है - सम्मान, सुरक्षा और पहचान, यही इनकी भी मांग है।



मृगांक शेखर

# आजम खान की मुलाकात पर सख्त शर्तें अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया पर सवाल?

समाजवादी पार्टी ने अखिलेश यादव के आजम खान से मिलने जाने की तारीख और रूट ऐसे प्लान किया है, जो हर हिसाब से राजनीतिक रूप से फायदेमंद हो सके. तारीख की बात करें तो ये मायावती की लखनऊ चलो रैली से ठीक एक दिन पहले तय की गई है, और रूट बरेली होकर प्लान किया गया है. बरेली के माहौल को देखते हुए प्रशासन अखिलेश यादव को मुरादाबाद होकर जाने को कह रहा था, जबकि समाजवादी पार्टी अपने रूट पर ही कायम रहने की जिद पर अड़ी हुई थी. अखिलेश यादव रामपुर वाया मुरादाबाद जाने पर सहमत नहीं हुए. बीच का रास्ता ये निकला कि अखिलेश यादव बरेली से हेलीकॉप्टर से रामपुर रवाना हुए. समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी और भरोसेमंद नेता रहे आजम खान की नाराजगी स्वाभाविक




है. गुजरते वक्त के साथ आजम खान की अहमियत बदल गई है, वरना कभी यूपी के साढ़े चार मुख्यमंत्रियों वाले जुमले में कुछ लोग उनको भी एक किरदार मानते थे. लालू यादव की तरह मुलायम सिंह यादव की एम -वाय समीकरण की सियासत तो आजम खान के भरोसे ही फली फूली थी. 2022 के विधानसभा चुनाव में भी सबसे ज्यादा मुस्लिम विधायक समाजवादी पार्टी के खाते में ही आए थे, और पिछले लोकसभा चुनाव में भी मुस्लिम वोटों का बड़ा योगदान रहा.

आजम खान ने अखिलेश यादव से मिलने के लिए पहले से जो शर्तें रख दी हैं, वे उनके दिल की जुबान लगती हैं. जेल से छूट कर आने के बाद से आजम खान इशारों इशारों और शेरो-शायरी के माध्यम से तो बहुत कुछ बताने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अखिलेश यादव से मुलाकात की शर्तें रखकर लगता है, वो खुलकर सामने आ गए हैं. अखिलेश यादव के साथ होने वाली इस मीटिंग में कोई तीसरा शामिल न हो, यह मुलाकात केवल दो लोगों की हो. न मेरी पत्नी मिलेगी, न मेरा बेटा अब्दुल्लाह मिलेगा. अखिलेश यादव के साथ भी उनकी सिक्योरिटी के अलावा कोई अन्य नेता या व्यक्ति मेरे घर में न आए.

मुद्दे की बात है मुलाकात के लिए आजम खान की तरफ से रखी गई शर्तें. आजम खान की ये शर्तें उनकी नाराजगी का पैमाना पेश कर रही हैं - और यही नाराजगी अखिलेश यादव की तरफ से खोजे गए सफलता के सूत्र पीडीए को भारी पड़ सकती हैं. 2024 के आम चुनाव में मिली कामयाबी के बाद अखिलेश यादव पीडीए को समाजवादी पार्टी के लिए यूपी में सत्ता की सीढ़ी के तौर पर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं. अखिलेश यादव के पीडीए में ऐ अल्पसंख्यक है. पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक. इसी फॉर्मूले के भरोसे अखिलेश यादव 2027 के यूपी चुनाव की तैयारियां आगे बढ़ा रहे हैं. यूपी में जातियों के नाम पर राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों पर रोक लग गई है. इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार ने उसे हूबहू लागू कर दिया है.

बेहतर तो यही रहेगा कि आजम खान समाजवादी पार्टी में ही बने रहें. कोई नई पार्टी बनाने की न तो ये उम्र है, न ही सेहत इजाजत देगी, जैसा उनके बयानों से लगता है. कानूनी पचड़े भी आजम खान के लिए मुसीबतों के ढेर बने हुए हैं - फिर भी रास्ते तो होते ही हैं. बीजेपी में तो आजम खान जाने से रहे. और, बीजेपी भी आजम खान को लेने से रही. जब आगे रास्ता न बचता हो तो मामला वहीं खत्म हो जाता है.

कांग्रेस में जाने की कोई सूरत बने तो आजम खान के लिए वो भी समाजवादी पार्टी में रहने जैसा ही है. यूपी में कांग्रेस की जो स्थिति है, उसके हिसाब से तो सपा तो कांग्रेस से कई गुणा बेहतर स्थिति में है. अगर राहुल गांधी को आजम खान में कोई खास पोटेंशियल नजर आता है तो बात और है. जैसे, बिहार में पप्पू यादव और कन्हैया को साथ लेकर वो तेजस्वी यादव पर दबाव बनाने में सफल हो रहे हैं, आजम खान के जरिए वैसा ही दबाव अखिलेश यादव पर भी बना सकते हैं.

## लोककथा

डॉ. उमेश चमोला

# कर्मफल का महत्व

किसी गांव में रूपा नाम की एक स्त्री रहती थी। लोग उसके बारे में कहते थे. 'आसमान से तारे तोड़कर लाना आसान है किन्तु रूपा से मदद लेना कठिन।' कोई भूखा उसके घर आता तो वह उसे डांटकर भगा देती थी। एक दिन वह गांव की अन्य स्त्रियों के साथ लकड़ी लेने जंगल गई। उसके साथ गई रैजा के कण्डे (लकड़ी रखने के लिए रिंगाल से बनी वस्तु) की डोरी अचानक टूट गई। रूपा अपने साथ बबले (एक प्रकार का घास) से बनी एक डोरी भी लेकर गई थी। रैजा ने रूपा से वह डोरी मांगी। रूपा उसे डोरी देने को तैयार नहीं हुई। उसने रूपा से कहा,'बहिन! इस समय मुझे बबले की डोरी दे दो। कभी तुझ पर भी संकट आएगा तो मैं भी तेरी सहायता करूंगी।' रूपा रैजा की बातों में आ गई। उसने न चाहते हुए भी वह डोरी रैजा को दे दी। यह उसके जीवन का पहला पुण्यकार्य था। समय बीतता गया। एक दिन रूपा अचानक बीमार पड़ गई।

वह बेहोश हो गई। उसका सूक्ष्म शरीर यमलोक चला गया। यमलोक में उसे बहुत भूख लगी। उसने देखा एक जगह पर कुछ लोग स्वादिष्ट खाना खा रहे थे। उसने खाना बांटने वाले से खाना मांगा। वह बोला, 'तुम्हें खाना देने के लिए महाराज ने मना कर रखा है। 'रात हो गई थी। वहां बहुत ठंड थी। वह सोना चाहती थी। उसने देखा कुछ लोग नएं बिस्तरों में सो रखे हैं। वह बिस्तर की व्यवस्था करने वाले आदमी के पास जाकर बोली, 'मुझे नींद आ रही है। मेरे लिए सोने की व्यवस्था करो।

'तुम यहा पर सो जाओ।' जमीन की ओर संकेत करते हुए वह रूपा से बोला। 'मेरे लिए चारपाई और रजाई गद्दे कहा हैं?' तुम्हें चारपाई और रजाई गद्दे देने के लिए महाराज ने मना कर रखा है। 'रूपा की बात को सुनकरवह आदमी बोला।

रूपा यमलोक के राजा यमराज के पास चली गई। 'महाराज! मुझे आपके लोक में न तो खाने के लिए भोजन मिल रहा है और न सोने के लिए बिस्तर। ऐसा क्यों?'- रूपा सूक्ष्म शरीर के रूप में यमराज से बोली। 'रूपा! यह लो तुम्हारे खाने-पीने और सोने का सामान।' यह कहकर यमराज ने रूपा को बबले की डोरी दे दी बबले की डोरी को देखकर रूपा को अपने गांव के जंगल की बात याद आ गई। उसे याद आया कि जंगल में लकड़ी लेने जाते समय उसने रैजा के कंडे की डोरी टूटने पर उसे बबले की डोरी दी थी।

## आस्था

# कुंवारी लड़कियों के लिए करवा चौथ व्रत क्यों नहीं है उचित?



करवा चौथ का नाम सनते ही सुहागिन महिलाओं की तस्वीर सामने आती है, जो अपने पति की लंबी आयु और खुशाहल जीवन की कामना करते हुए ये व्रत करती हैं. इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रहकर रात में चंद्रमा की पूजा के बाद पति का चेहरा देखकर उनके हाथों से पानी पीकर व्रत का पारण करती हैं. मान्यता है कि इस व्रत को करने से महिलाओं को अंतिम सांस तक सौभाग्यवती होने का वरदान मिलता है.करवा चौथ का व्रत हर साल कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है. इस साल कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि नौ अक्टूबर की रात 10 बजकर 54 मिनट पर शुरू हो रही है. इस तिथि का समापन अगले दिन 10 अक्टूबर की शाम 7 बजकर 38 मिनट पर हो जाएगा. ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, इस साल करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर शुक्रवार को रखा जाएगा. पंडितों और शास्त्र के जानकारों के अनुसार, धर्मशास्त्रों में ये कहा गया कि करवा चौथ का व्रत कुंवारी लड़कियों के लिए रखना आवश्यक नहीं होता है. पातिव्रत्य धर्म का पालन करना इस व्रत का मूल आधार है, जो विवाह के बाद ही संभव होता है. पातिव्रत्य धर्म का पालन विवाहित महिलाओं की निष्ठा, समर्पण और पति के प्रति कर्तव्य को दर्शाता है. ऐसे में कुंवारी लड़कियों को करवा चौथ का व्रत रखने से बचना चाहिए. हालाकि, शास्त्रों में यह भी बताया गया है कि कोई भी महिला या पुरुष अगर श्रद्धा, संयम और भक्ति के साथ कोई व्रत करता है, तो उसे उसका पुण्य फल अवशय मिलता है.

## सैर

# छुट्टियों में जरूर जाएं वो गांव जहां खुद सेवा है नियम





भारत के इस अनोखे गांव में चोरी या धोखाधड़ी जैसी भी कोई घटना नहीं होती है. ऐसे में चलिए आज हम भारत के इस गांव के बारे में आपको बताते हैं, जहां आप छुट्टियों में घूमने भी जा सकते हैं. भारत के नागालैंड राज्य के खोनोमा गांव में दुकानों पर दुकानदार नहीं होते हैं. वहीं यहां दुकानों से लोग अपना सामान खुद लेकर पैसे रखे जाते हैं. दरअसल खोनोमा गांव में यह कोई परंपरा नहीं है, बल्कि सालों से यहां लोग इसी भरोसे पर जीवन जीते आ रहे हैं. यहां दुकानों पर रखे पैसे और सामान पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं. यहां के गांव वालों का मानना है कि ईमानदारी और दूसरों के अधिकार का सम्मान ही इंसान की असली पहचान होती है. वहीं इस गांव की खास बात यह भी है कि यहां आज तक कोई चोरी या अपराध की घटना दर्ज नहीं हुई है. इस गांव के लोगों का यह भी कहना है कि दूसरों का हक छीना या झूठ बोलना गलत है, यही सोच इस गांव के बच्चों को भी सिखाई जाती है और इसी सोच के चलते इस गांव में इतनी ईमानदारी मौजूद है. खोनोमा सिर्फ ईमानदारी के लिए ही नहीं बल्कि अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी मशहूर है. यह गांव भारत का पहला ग्रीन विलेज भी कहलाता है. यहां लोग साफ-सफाई और हरियाली को जीवन का हिस्सा मानते हैं. यहां के लोग जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए मिलकर काम करते हैं, जिससे यह देश-विदेश के पर्यटकों के लिए एक शांत और खूबसूरत ट्रैवल डेस्टिनेशन भी बन चुका है.

## कहानी

आशुतोष

# मृगमरीचिका

ज़बरदस्त बारिश और घर की बालकनी पर बैठा मैं. बारिश की बूंदों को गिनते-गिनते नहा पड़ी पार्क के पास एक कुतिया. वह अपने दांतों में नन्हे पिल्ले को पकड़े तेजी से अपार्टमेंट की ओर भाग रही थी. बाक़ी पिल्ले भीगते हुए कूं-कूं कर रहे थे. कुतिया एक पिल्ले को रखकर दोबारा आती और दूसरे को फिर ले जाती.मुझे अपनी मां की याद हो आई. घर से सैकड़ों मील दूर वह मां जो उम्र के इस पड़ाव पर सिर्फ़ मेरी आवाज़ सुनकर खिल उठती है. बस यही पूछती है. 'कैसे हो. खाना खा लिया. तबियत ठीक है. बारिश में भीगना मत.' जैसे मैं अभी भी बच्चा हूं पिल्ले की माफ़िक और वह अपने दांतों में पकड़ किसी सुरक्षित जगह पर ले जाना चाहती हो. उसके दांतों में अजीब तरह की नमी. कुछ गोंद जैसी तो कुछ मोम जैसी. चुभन में जैसे चाशनी घुली हो. मेरा हाथ अनायास ही गर्दन पर चला गया. लगा मैं अभी भी मां के दांतों के बीच फंसा हूं. तभी सेल फ़ोन की घंटी ने सोच के ताने-बाने को झिलमिल कर दिया. शमसी का फ़ोन था. कह रहा था आज फिर एंजला ने एंकरिंग करने से मना कर दिया. कुछ तबियत खराब थी. जल्दी ही घर चली गई. ऐसा पिछले कई महीने से चल रहा था. वह आती, थोड़ा काम करती और फिर अचानक उठती, अपना बैग उठाती और तबियत का 'बहाना' बनाकर चली जाती. कोई उसे ऊपर से कुछ नहीं कहता. सब जानते थे वह 'बॉस' की प्यारी है. लेकिन अंदर-ही-अंदर सब कुढ़ते थे. वह स्वभाव से बुरी नहीं थी. सबसे घुलती-मिलती थी, उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं थी. थोड़ी मूडी, थोड़ी नकचढ़ी, थोड़ी खूबसूरत और थोड़ी प्रोफ़ेशनल. न ज्यादा सुंदर न ज्यादा बदसूरत. लेकिन बॉस को न जाने क्या भाया कि वह उसी पर अपना स्वामित्व जताने लगे थे. न शब्दों से न वाणी से सिर्फ़ अपने बॉडी लैंग्वेज़ से. कभी अकारण सेट पर आ जाना. कभी अकारण अपने कमरे में बुला लेना.

## व्यंग्य

दिलीप कुमार

# जूतों के अच्छे दिन

जी हां क्यों ना आगामी वर्ष को जूता वर्ष घोषित कर दिया जाये। क्योंकि आगामी वर्ष चुनाव का वर्ष है और चुनाव में जूतों की डिमांड बहुत बढ़ जाती है। यदि किसी नेता को जूता फेंककर मार दिया जाये तो रातों रात उसकी लोकप्रियता बढ़ जाती है। नेता भी ऐसे ही जूते बनवाते हैं जिसे पहन कर वे भाग सकें। जूता कंपनियों ने विशेष तरह के जूते बनाये हैं कि कौन सा जूता किस नेता पर फिट बैठेगा। कुछ कंपनिया तो उत्साह में प्रचार अभियान चला रही हैं कि हमारा जूता शुभ होता है उसे खाकर देखो फलां नेता कहाँ से कहाँ पहुंच गया।

कई लोगों ने तो अपनी जन्मपत्री तक दिखवा ली है किस शुभ घड़ी में अपने ऊपर जूता फ़ेंकवाने से वे नेतागीरी में कितने ऊपर जा सकते हैं। इसलिए जूतों के भी अच्छे दिन आएंगे और जूता वर्ष घोषित करने में कोई हर्ज नहीं है। भारत बहुत बदल गया है अब यहां सिर्फ यहीं नहीं चलता किसाहित्य में बहुत लोगों ने हो हल्ला मचाया था जब



कवि/कवियत्री ने गुदा वर्ष पर कवितायें लिखी थीं अब देखिए हिंदी की सबसे उर्वर और धनाढ्य संस्था ने कवियत्री की कविताओं को प्रकाशन के लिये चुना है , खुशी की बात है। दो रोज पहले एक युवा कवि पूछ रहे थे कि मेरे पास कुछ बेकार कवितायें पड़ी हैं उन्हें क्या यहां पोस्ट कर दूं तो मैंने उन्हें कुछ सलाह दी थी,पुनः कहता हूं कि हे पार्थ, इस उत्तर आधुनिक युग में बेकार कुछ नहीं होता जो आपके लिए बेकार है वो किसी और के लिये क्रांति का हथियार है। हे धनंजय ,गीता का यथार्थ यही है कि तुम बस कर्म करते जाओ, फेलोशिप, विदेश अध्ययन यात्रा, उत्कृष्ट प्रकाशन से प्रकाशित होने का मोह त्याग दो।

हे वत्स, यदि तुम्हारी कवितायें किसी की समझ में आ गयीं तो तुम्हारा जीवन व्यर्थ गया। जब तुम्हारी कविता पढ़ने के बाद पाठक पूछे कि ये क्या था गद्य या पद्य। तब समझ लो सफलता का स्वाद तुमने चख लिया है। बैड इज न्यू गुड (बुरा ही अच्छा है) के मर्म को समझो इसी उपदेश के दौरान एक विदुषी आयी उसने कहा कि "हे मूर्ख उपदेशक, मेरी कविताओं पर चेकोस्लोवाकिया में शोध हो रहा है, मेरी बिंदी ट्रेंडसेटर हो गयी है, पहले चार हजार की नौकरी करती थी और तुम जैसे गये-गुजरे की बात मान कर नेह-मोह की कवितायें लिखा करती थी।

## होम टिप्स

# कम बजट में स्टाइलिश रसोई बनाने के आसान टिप्स

अक्सर लोग सोचते हैं कि रसोई को सजाने के लिए बहुत पैसे खर्च करने पड़ते हैं, पर ऐसा बिल्कुल भी जरूरी नहीं है. कुछ छोटे-छोटे बदलाव और आसान ट्रिक्स अपनाकर आप कम बजट में भी अपनी किचन को स्टाइलिश बना सकते हैं. तो आइए कुछ आसान और कम बजट वाली किचन डेकोर टिप्स जानते हैं जो आपके किचन को नया और खूबसूरत लुक देंगे. किचन की दीवारों पर अगर आप हल्के और फ्रेश रंगों का यूज करेंगे, तो वह जगह ज्यादा खुली और साफ दिखाई देगी. क्रीम, हल्का नीला, हल्का पीला या मिंट ग्रीन जैसे रंग आपकी किचन को बड़ा और ब्राइट दिखा सकते हैं. ये रंग न सिर्फ देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि किचन में पॉजिटिव वाइब्स भी लाते हैं. किचन में अच्छी लाइटिंग होना बहुत जरूरी है, ताकि खाना बनाते समय किसी चीज की कमी न हो. इसके अलावा, सही लाइटिंग आपकी किचन को सुंदर और चमकदार भी बना देती है.

आप चाहें तो किचन में एलईडी लाइट्स लगवा सकते हैं या फिर सिंक और स्टोव के पास छोटी-छोटी लाइट्स भी लगा सकते हैं. अगर आपकी किचन छोटी है, तो सबसे जरूरी है कि आप उसमें सही तरीके से स्टोरेज बनाएं. खाने की चीजें और मसाले खुले में रखने से किचन गंदी और बिखरी हुई लगती है. इसके लिए एयरटाइट कंटेनर का यूज करें और उन्हें रैक या कैबिनेट में रखें. आप चाहें तो दीवारों पर हैंगिंग रैक या मैग्नेटिक स्ट्रिप भी लगवा सकते हैं, जिनमें चम्मच, चाकू या अन्य चीजें लगाई जा सकती हैं. इससे जगह भी बचेगी और किचन भी साफ लगेगा.

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्पररी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं




मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

## समीक्षा

# वक्त के मंज़र

डॉ. ब्रह्मजीत गौतम जी के ग़ज़ल संग्रह वक्त के मंज़र में जहा रचयिता की अनुभूतियां और उनकी खूबिया शब्दों से उकेरे हर बिम्ब में साफ़ साफ़ नज़र आईं हैं, साथ में सादगी से अनुभूतियों को अंतस में उतारने की कला का अद्भुत प्रयास पाया जाता है. किसी ने खूब कहा है 'कवि और शब्द का अटूट बंधन होता है, कवि के बिना शब्द तो हो सकते हैं, परंतु शब्द बिना कवि नहीं होता. एक हद तक यह सही है, पर दूसरी और कविता केवल शब्दों का समूह नहीं,. कविता शब्द के सहारे अपने भावों को भाषा में अभिव्यक्त करने की कला है. गौतम जी के अशयार इसी कला के हर गुण के ज़ामिन हैं. उनकी कलात्मक अनुभूतियाँ शब्द, शिल्प एवं व्याकरण से गुंथी हुई रचनाएं सुंदर शब्द-कौशल का एक नमूना है. एक हमारे सामने है.

गौतम जी की रचनाधर्मिता पग-पग ही मुखर दिखाई पड़ती है और यही उनकी शक्सियत को अनूठी बुलंदी पर पहुंचती है. अपने परिचय में एक कड़ी और जोड़ती इस कड़ी का शब्द-सौन्दर्य और शिल्प देखिये-शाइरी केवल सोच कि उपज नहीं, वेदना कि गहन अनुभूति के क्षणों में जब रचनाकार शब्द शिल्पी बनकर सोच को एक आकार देकर तराशते हैं तब शायरी बनती है.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, गुरुवार, 9 अक्तूबर 2025



# बुजुर्गों का अनुभव समाज के लिए एक मार्गदर्शक है: जोरगेवार

## > वरिष्ठ नागरिक संघ ने किया वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**



विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि, वरिष्ठों का अनुभव समाज के लिए दिशा-सूचक होता है। यह दिन बेहद प्रेरणादायक और भावनात्मक है। क्योंकि आज हम उन लोगों का सम्मान कर रहे हैं जिन्होंने अपने जीवन के स्वर्णिम वर्ष समाज सेवा, परिवार और राष्ट्र निर्माण में समर्पित कर दिए । वरिष्ठ शब्द सिर्फ़ उम्र का नहीं, बल्कि अनुभव और धैर्य का प्रतीक है।

चंद्रपुर के वरिष्ठ नागरिक संघ ने रामनगर में 75 वर्ष पूरे कर चुके वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया। वे इस कार्यक्रम में बोल रहे थे। पूर्व नगरसेवक बलराम डोडानी , वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष मारोतराव मत्ते , सचिव प्रदीप जानवे , पूर्व अध्यक्ष गोपालराव सातपुते , उपाध्यक्ष गोसाई बल्की , उपाध्यक्ष डॉ. भानुदास दाभेरे , सहसचिव बंडू धोटे , कोषाध्यक्ष देवराव सोनपिंपरे , चैतन्य वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अशोक सांगीड़वार , सचिव पुरुषोत्तम राऊत , पासाईदान वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष प्रकाश गुंडावार , प्रबुद्ध वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष हरिदास देवगड़े, विठ्ठल-रुक्मिणी वरिष्ठ नागरिक संघ की अध्यक्ष बिंदु बडगेलवार आदि मंच पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर आगे बोलते हुए, विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि 75 वर्ष पूरे करने के बाद भी, कई वरिष्ठ नागरिक समाज में सक्रिय हैं , विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हैं और युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन रहे हैं। यह वास्तव में प्रेरणादायक है कि रामनगर वरिष्ठ नागरिक संघ द्वारा निभाई गई यह गौरवशाली परंपरा समाज को एक सुंदर संदेश देती है कि वृद्धावस्था बोझ नहीं, बल्कि एक संपत्ति है। इस संघ ने संध्या पर्व मनाया। 2025 विशेषांक प्रकाशित करके एक महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, विधायक किशोर जोरगेवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इसके माध्यम से हमारे समाज के विभिन्न विचार, अनुभव और जीवन मूल्य नई पीढ़ी तक पहुँचेंगे ।

समाज का भविष्य वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव पर टिका है। उन्होंने कहा कि, "हमने जो मूल्य सिखाए हैं, जो शिक्षाएँ दी हैं और जो आदर्श दिखाए हैं, वे हमारे लिए मार्गदर्शन का आधार हैं।"

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वरिष्ठ नागरिकों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# नाली में गिरी दीवार; स्थानीय लोगों को भारी परेशानी

**चिमूर.**



नेरी के समीप सिरपूर के वॉर्ड क्र. 2 मे एक पुरानी दीवार का बड़ा हिस्सा अचानक मुख्य नाली में गिर गया। इस घटना के बाद से स्थानीय निवासियों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

दीवार का मलबा नाली में जमा होने के कारण पानी का बहाव पूरी तरह से रुक गया है। परिणामस्वरूप, गंदा पानी ओवरफ्लो होकर आस-पास की गलियों और सड़कों पर फैल गया है, जिससे भीषण जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है।

गंदा पानी सड़कों पर जमा होने से लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है। मुख्य मार्ग पर पानी और मलबे के कारण यातायात लगभग रुक गया है। दूषित पानी के जमाव से भयंकर बदबू आ रही है और मच्छर पनप रहे हैं, जिससे इलाके में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

स्थानीय निवासी विलास मोहूर्ले ने बताया कि उन्होंने कई बार मकान मालिक तथा ग्राम पंचायत सिरपूर को इस नाली मे गिरी दीवार के बारे में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। निवासियों ने ग्रामपंचायत से तत्काल मलबे को हटाकर नाले की सफाई शुरू करने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही टीम भेजकर सफाई का काम शुरू किया जाएगा।

# चंद्रपुर के सैकड़ों कार्यकर्ताओं का कांग्रेस में प्रवेश

**चंद्रपुर.**



चंद्रपुर शहर कांग्रेस कार्यालय में वार्ड क्रमांक 1 हनुमान नगर के सैकड़ों कार्यकर्ता बड़े उत्साह के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस शहर कमेटी के जिला अध्यक्ष रामू तिवारी के नेतृत्व में सांसद प्रतिभा धानोरकर, पूर्व राज्य मंत्री, विधायक विजय वडेट्टीवार और वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एजाज रिजवी की अगुवाई में आयोजित पार्टी प्रवेश समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस अवसर पर नेताओं ने नए कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और पार्टी संगठन को मजबूत करने की अपील की। आगामी नगर निगम चुनावों की पृष्ठभूमि में, हनुमान नगर क्षेत्र के युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक कांग्रेस के जन आंदोलन और जनोन्मुखी नीतियों में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी में शामिल हुए। इनमें प्रकाश केशवराव खुटेमाटे, अरुण सेवकजी तुर्डे, सलीम खान तड़वी, सैय्यद अहमद, कमलेश देवगड़े, सुरेश रागीत, बबन गणपतराव जेमकावड़े, अरुण सोनकर, चंपतराव नांदे, विजय मसाडे, वसंत पांडुरंग गुंडो, मनहव डुकसे, प्रकाश टोंगे, बाबा जीवतोड़े, रऊफ इब्राहिम शेख, मोहन राजेश्वर गंधारे, विजय वानखेड़े, सुनील धवस, मोतीराम वडै शामिल हैं।

# राजमार्गों और अनुकंपा नियुक्तियों के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस को सराहा

**चंद्रपुर.**



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर से चंद्रपुर तक 204 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 2,353 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है। साथ ही, चंद्रपुर से मूल तक की सड़क को भी मंज़ूरी दे दी गई है। इसके साथ ही, राज्य भर के 10,309 अनुकंपा प्राप्त लोगों को एक ही दिन में नौकरी दी गई है। विधायक किशोर जोरगेवार ने आज, मंगलवार को मुंबई में राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए उन्हें बधाई और धन्यवाद दिया।

विदर्भ के समग्र विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में नागपुर और चंद्रपुर के बीच 204 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले सीमेंट-कंक्रीट राजमार्ग को 2,353 करोड़ रुपये की लागत से मंज़ूरी दी गई है। यह राजमार्ग विदर्भ के आर्थिक, औद्योगिक और पर्यटन विकास को एक नई दिशा प्रदान करेगा। साथ ही , राज्य में 10,000 से अधिक और चंद्रपुर जिले में 285 अनुकंपा कर्मचारियों की नियुक्ति का ऐतिहासिक निर्णय कई परिवारों को राहत लेकर आया है। इस निर्णय से कई वर्षों से प्रतीक्षारत कर्मचारियों के परिवारों को न्याय मिला है और प्रशासन में नया उत्साह पैदा हुआ है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में विदर्भ का विकास निश्चित रूप से नई ऊँचाइयों को छुएगा। नागपुर - चंद्रपुर फोर-लेन राजमार्ग चंद्रपुर क्षेत्र में यातायात को नई गति देगा , निवेश को बढ़ावा देगा और स्थानीय रोज़गार के अवसर बढ़ाएगा। साथ ही , अनुकंपा की नियुक्ति का निर्णय सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है , ऐसा विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा। इस बैठक में विधायक जोरगेवार ने मुख्यमंत्री फडणवीस के साथ निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की।

# नशा बंद करो, चंद्रपुर बचाओ!

## > भाजपा प्रतिनिधिमंडल की ज्ञापन के माध्यम से पुलिस की अपील



**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर शहर में हाल ही में मुंबई से लौटे एक व्यक्ति के पास से कुल 528 ग्राम एमडी ड्रग्स ज़ब्त किया गया, जो बेहद गंभीर और चिंताजनक मामला है। इस घटना से साफ़ हो गया है कि शहर में ड्रग्स की बिक्री और खपत बढ़ रही है।

युवाओं के जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले नशे की बढ़ती श्रृंखला को रोकने के लिए, भारतीय जनता पार्टी, चंद्रपुर जिले की ओर से पूर्व पालकमंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक, मुमक्का सुदर्शन को एक ज्ञापन सौंपा गया।

इस ज्ञापन में मादक पदार्थों की बिक्री और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है और निम्नलिखित महत्वपूर्ण मांगें की गई हैं संदिग्ध स्थानों पर विशेष पुलिस छापे और निरंतर गश्त। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान। पुलिस, खाद्य एवं औषधि प्रशासन और गैर सरकारी संगठनों के संयुक्त कार्य बल की स्थापना। अपराधियों के लिए कठोर दंड और शीघ्र न्याय। युवाओं को खेल और सांस्कृतिक संवर्धन गतिविधियों की ओर आकर्षित करने के लिए एक अभियान। इस ज्ञापन के दौरान भारतीय जनता पार्टी-जिला चंद्रपुर के महासचिव डॉ. मंगेश गुलवाड़े सहित विशाल निंबालकर, मनोज सिंघवी, यश बांगड़े, गणेश रामगुंडेवार, उमेश अष्टनकर और अमित निरंजने, मनीष खापरे उपस्थित थे. भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस प्रशासन से चंद्रपुर के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने और समाज से नशे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. मंगेश गुलवाडे ने कहा कि "नशा बंद करो - चंद्रपुर बचाओ!" यह सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

# महात्मा फुले जूनियर कॉलेज में सूचना प्रौद्योगिकी कार्यशाला



**बल्लारपूर, विवेक गडकर**

महाराष्ट्र शिक्षा प्रसारक मंडल, बल्लारपुर द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा फुले जूनियर कॉलेज (अंग्रेजी माध्यम) में सूचना प्रौद्योगिकी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया.

विद्यानिकेतन जूनियर कॉलेज, चंद्रपुर के सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षक शरद चिलबुले इस कार्यशाला में मार्गदर्शन के लिए उपस्थित थे. कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का पेपर ऑनलाइन लिया जाता है. इसलिए छात्रों को पेपर कैसे हल करना है, समय का प्रबंधन कैसे करना है और प्रश्नपत्र का प्रारूप कैसा होता है.

इसकी विस्तृत जानकारी दी गई. कार्यशाला का संचालन कॉलेज की सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षिका अदिति गहेरवार ने किया. यह कार्यक्रम वाणिज्य विभाग (अंग्रेजी माध्यम) में सूचना प्रौद्योगिकी के अध्ययन को और अधिक प्रभावी बनाने और छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में कॉलेज के अंग्रेजी माध्यम के पर्यवेक्षक कृष्णा लामे भी उपस्थित थे. छात्रों ने इस कार्यशाला से सूचना प्रौद्योगिकी विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर अपनी संतुष्टि व्यक्त की.

# एहतेशाम अली भाजपा के नहीं, प्रहार पार्टी के सदस्य!

## > कांग्रेस झूठा प्रचार बंद करे
## > भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव जुनैद खान का आरोप

**चिमूर.**



वरोरा के पूर्व महापौर एहतेशाम अली के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने की खबर सोशल मीडिया और कुछ अखबारों में छपी। हालाँकि, हकीकत यह है कि अली ने विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा से इस्तीफा देकर प्रहार जनशक्ति पार्टी ज्वाइन कर ली थी और प्रहार पार्टी के टिकट पर वरोरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था। यह जानकारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव जुनैद खान ने चिमूर पहुँचने पर पत्रकारों से बातचीत में दी।

जुनैद खान ने बताया कि कुछ दिन पहले एहतेशाम अली नागपुर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष संकपाल और चंद्रपुर सांसद प्रतिभा धनोरकर की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उस समय खबर छपी थी कि अली भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

लेकिन सच्चाई यह है कि अली उस समय बच्चू कड़ू की प्रहार पार्टी में सक्रिय थे और उसी पार्टी से विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके थे। इसलिए अली और भाजपा के बीच कोई संबंध नहीं है। इसलिए कांग्रेस को तुरंत झूठा और भ्रामक प्रचार बंद कर जनता के सामने वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, यह मांग भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव जुनैद खान ने की है.

# गोंडवाना विश्वविद्यालय में छात्रों और कर्मचारियों के लिए 'ईको ग्रीन मोबिलिटी' ई-रिक्शा सेवा शुरू

**गढ़चिरोली.**



गोंडवाना विश्वविद्यालय, सोबाय टूरिज्म एलएलपी (ट्रायबी टूर्स) और ट्रायसेफ नवसंशोधन केंद्र के संयुक्त प्रयास से 'ईको ग्रीन मोबिलिटी' नामक पर्यावरण अनुकूल परिवहन पहल के लिए 6 अक्टूबर 2025 को एक सामंजस्य करार (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस करार के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में ई-रिक्शा सेवा शुरू की जाएगी, जिसका शुभारंभ 8 अक्टूबर 2025 को होगा।

इस सेवा के तहत विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध ई-रिक्शाओं के माध्यम से छात्रों और कर्मचारियों को सुलभ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन सुविधा प्राप्त होगी। गोंडवाना विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के छात्र और कर्मचारी अपना पहचान पत्र दिखाकर कम शुल्क में इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

इस पहल से विद्यार्थियों और कर्मचारियों का समय तथा यात्रा व्यय दोनों की बचत होगी, साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, इस परियोजना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे स्थानीय आर्थिक सशक्तिकरण को भी गति मिलेगी।

ट्रायसेफ नवसंशोधन केंद्र और सोबाय टूरिज्म के सहयोग से शुरू किया गया यह उपक्रम 'सस्टेनेबल मोबिलिटी' (सतत परिवहन) की अवधारणा को प्रोत्साहन देने वाला साबित होगा। भविष्य में इस सेवा को विश्वविद्यालय के अन्य केंद्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के महाविद्यालयों तक विस्तारित करने की योजना भी है।

इस अवसर पर गोंडवाना विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. प्रशांत बोकारे, पीएम उषा परियोजना के समन्वयक डॉ. प्रीतेश जाधव, ट्रायसेफ नवसंशोधन केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वृषांक सोरते तथा सोबाय टूरिज्म एलएलपी (ट्रायबी टूर्स) के संस्थापक पंकज नंदगिरीवार उपस्थित थे।

"इस करार से स्थानीय रोजगार सृजन, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को नई दिशा मिलेगी। साथ ही गोंडवाना विश्वविद्यालय के छात्र एवं कर्मचारी सीधे इस सेवा का लाभ प्राप्त करेंगे," ऐसा कुलगुरू डॉ. प्रशांत बोकारे ने कहा।



# सैफ पर भारी पड़े अक्षय कुमार

एक और अक्षय कुमार हैं, जिनका सुपर फास्ट काम करने का तरीका फैन्स को खूब पसंद आता है. पर यही अंदाज उनपर भारी पड़ा, जब एक-एक कर लगातार फ्लॉप फिल्में दे रहे थे. इस साल अक्षय कुमार की 4 फिल्में रिलीज हो चुकी हैं. जहां स्काईफोर्स को ठीक रिस्पॉन्स मिला. तो वहीं केसरी चैप्टर 2 ने खूब तारीफें बटोरी. हालांकि, 'हाउसफुल 5' लोगों को कुछ खास पसंद नहीं आई थी. इन तीनों फिल्मों के सामने 'जॉली एलएलबी 3' ने बाजी मार ली, जिसने जमकर कारोबार किया था. अक्षय कुमार इस समय एक बड़ी फिल्म का काम कर रहे हैं, जिसे प्रियदर्शन बना रहे हैं. अब फिल्म पर बड़ा अपडेट आ गया है.






अक्षय कुमार और सैफ अली खान लंबे वक्त बाद साथ काम करने जा रहे हैं. इससे पहले भी दोनों साथ में काम कर चुके हैं. दरअसल दोनों शूट शुरू कर चुके हैं. अब अक्षय कुमार ने ऑफिशियली कंफर्म किया है कि वो ही फिल्म के विलेन हैं. जो कि 2016 की मलयालम फिल्म ओप्पम का रीमेक है. एक्टर को खूंखार विलेन के अंदाज में देखने के लिए फैन्स एक्साइटेड हैं. एक इवेंट के दौरान अक्षय कुमार ने इस बात का खुलासा किया था. 17 साल बाद सैफ अली खान की मुश्किलें बढ़ाते नजर आएंगे.

जहां फिल्म में सैफ अली खान को मोहनलाल वाला रोल निभाते देखा जाएगा. वहीं, दूसरी ओर सैफ अली खान की भी फिल्म से धांसू तस्वीर सामने आ गई है.. वो सेट पर एन्जॉय करते हुए नजर आ रहे हैं. उनकी यह तस्वीर करीना कपूर ने शेयर की है. दरअसल मोहनलाल की फिल्म ने सॉलिड परफॉर्म किया था. ऐसे में इस पिक्चर से भी कुछ वैसी ही उम्मीद हैं.

# बिदाई' फेम सारा खान की जिंदगी में फिर से आई खुशिया

टीवी की दुनिया की मशहूर एक्ट्रेस सारा खान दूसरी बार शादी के बंधन में बंध गई हैं. 'सपना बाबुल का... बिदाई' जैसे शो से मशहूर हुईं सारा ने अपने बॉयफ्रेंड कृष पाठक से शादी कर ली है. पिछले एक साल से कृष और सारा एक दूसरे को डेट कर रहे थे. 2 दिन पहले यानी 6 अक्टूबर को कोर्ट में शादी रजिस्टर करवाकर अपने रिश्ते को पक्का कर दिया.36 साल की सारा खान ने अपने पति कृष के लिए खुलकर प्यार जाहिर किया है. मीडिया हाउस के साथ की बातचीत में उन्होंने बताया कि कोर्ट मैरिज तो अभी हुई है, लेकिन जब से वे साथ रहने लगे थे, वो दिल से खुद को कृष की पत्नी मानती थीं.




दोनों ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की फोटो शेयर करते हुए लिखा है, हम हमेशा के लिए एक हो गए हैं. दो अलग धर्म, एक ही कहानी और ढेर सारा प्यार. हमारे दस्तखत सील हो गए हैं. 'क़ुबूल है' से लेकर 'सात फेरे' लेने तक के वादे अब इस दिसंबर में पूरे होंगे. दो दिल, दो तरह के रिवाज, और हमेशा का एक साथ.सारा खान ने बताया कि उनकी और कृष पाठक की मुलाकात आज के दौर के हिसाब से एक डेटिंग ऐप पर हुई थी. कृष की फोटो देखते ही उन्हें तुरंत एक कनेक्शन महसूस हुआ. चैटिंग शुरू हुई और वे अगले ही दिन मिले. दोनों ने एक म्यूजिक एल्बम में भी काम किया है.एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक ने इस रिश्ते को 'मॉडर्न, जेन-जी की प्रेम कहानी' कहा है. कृष ने बताया कि दोनों ही अपने पिछले ब्रेकअप से बाहर निकल रहे थे. कृष ने ये भी बताया कि उनकी परवरिश सिंगल मदर ने की है, इसलिए सारा से मिलने से पहले उन्होंने पहले कभी शादी के बारे में नहीं सोचा था.सारा खान ने जानकारी दी कि उनकी कोर्ट मैरिज बहुत सादे तरीके से की गई. लेकिन ये कपल दिसंबर में इंडस्ट्री के दोस्तों और परिवार के लिए एक बड़ी शादी की पार्टी (ग्रैंड रिसेप्शन) रखने की तैयारी कर रहा है. गौरतलब है कि सारा खान ने इससे पहले 2010 में 'बिग बॉस 4' के घर में अली मर्चेंट से शादी की थी, लेकिन उनका ये रिश्ता महज एक साल बाद ही 2011 में तलाक के साथ खत्म हो गया था.

## शर्टलेस होकर क्यों घूमना चाहती हैं सपना चौधरी

हरियाणवी फिल्म इंडस्ट्री को एक अलग पहचान देने वाली सपना चौधरी को भला कौन नहीं जानता है। फिल्में, गाने और लाइव स्टेज शोज करने के बाद आज सपना चौधरी के फैंस पूरे देश में मौजूद हैं।

सपना चौधरी ने हाल ही में कहा है कि वो शर्टलेस होकर घूमेंगी। इसके पीछे क्या कारण है ये जानकर आप चौकने वाले हैं। इस दौरान सपना शुभांकर मिश्रा की पॉडकास्ट पर मौजूद थीं और उनसे पूछा गया था कि अगर एक दिन के लिए किसी सेलिब्रिटी की तरह जिंदगी जीने का मौका मिले तो वो कौन होगा और आप क्या करना चाहेंगी। इसके बाद सपना चौधरी ने सुपरस्टार संजय दत्त का नाम लिया और बताया कि वो उनके पसंदीदा एक्टर हैं। संजय दत्त बनने के बाद वो उनकी तरह घूमेंगी लेकिन बॉडी



काउंट की बात नहीं रहीं। सपना ने कहा, 'संजय दत्त का जिंदगी जियूगीं और शर्टलेस होकर वॉक करूंगी। संजू बाबा मुझे अच्छे लगते हैं। मुझे उनका गाना, 'ऊपर वाला अपने साथ है' बहुत पसंद है।'

ये कहकर सपना फिर से ट्रोल हो रही हैं क्योंकि 'ऊपर वाला अपने साथ है' गाना संजय कपूर और जैकी श्रॉफ पर फिल्माया गया था।संजय दत्त से इस गाने का कोई लेना देना नहीं है। सपना चौधरी का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि संजय दत्त की तरफ से फिलहाल किसी तरह का कोई रिएक्शन नहीं आया है लेकिन लोग सपना चौधरी के इस वीडियो पर कमेंट्स कर रहे हैं। वो कुछ ऐसा कह रहे हैं जो काफी मजेदार है।



## पत्नी संग विवाद पर पवन सिंह का बड़ा खुलासा

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं. पिछले काफी दिनों से उनकी पत्नी ज्योति सिंह सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ लगातार बातें करती हुई नजर आ रही हैं. बीते दिन ज्योति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पवन सिंह से कहा था कि वह मीडिया के सामने आकर अपनी बातें रखें. अब इसी बीच पवन सिंह ने अपने और अपनी पत्नी ज्योति के रिश्ते को लेकर बड़ा खुलासा किया है. उनका कहना है कि उनका ज्योति संग तलाक का केस चल रहा है.पवन सिंह ने आगे अपने बयान में कहा, "मेंटेनेंस का केस उनकी (ज्योति सिंह) तरफ से बलिया से चल रहा है. मैं आपसे नहीं मिलना चाहता तो क्या आप मुझसे मिल सकती थीं. हम अच्छे से मिले और उन्होंने कहा कि मैं यहां से नहीं हिलूंगी.

सुपरस्टार ने आगे कहा कि हमारी भाई धनंजय से इस बात पर चर्चा हुई थी. उन्होंने मुझे बताया था कि उनकी ज्योति के भाई से बात हुई थी. मेरा कहना था कि एक छत के नीचे से मुकदमा लड़ा जाता है क्या? मुझे लग गया था कि यहां माहौल कुछ खराब होने वाला है.

# रेखा से शादी करना चाहते थे भाईजान



सलमान खान ने फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' में सपोर्टिंग रोल से बॉलीवुड में कदम रखा था. इस फिल्म में रेखा लीड हीरोइन थीं और वह सेट पर सलमान को गाइड भी किया करती थीं. हाल ही में एक बातचीत में 'बीवी हो तो ऐसी' के डायरेक्टर जेके बिहारी ने सेट पर सलमान के बर्ताव के बारे में खुलकर बात की और याद दिलाया कि कैसे सुपरस्टार हमेशा समय के पाबंद रहते थे. उन्होंने रेखा के साथ सलमान के तालमेल पर भी बात की.सलमान हमेशा सेट पर लेट पहुंचने के लिए जाने जाते हैं. ऐसे में जेके बिहारी ने बताया, 'उस समय सलमान मेरे साथ बहुत अच्छे थे. कोई समस्या नहीं थी... वह काम को लेकर गंभीर थे, लेकिन उस समय उन्हें ज़्यादा कुछ पता नहीं था. उनसे काम करवाने के लिए धैर्य रखना पड़ता था. वह हमेशा सेट पर समय पर आते थे.'उन्होंने यह भी याद किया कि कैसे रेखा सलमान की मदद करती थीं जब वह अपने सीन्स के दौरान लड़खड़ाते थे. उन्होंने कहा, 'कभी-कभी, मैं परेशान हो जाता था क्योंकि सलमान को अपने डायलॉग बोलने में दिक्कत होती थी. वह नए थे और उन्होंने कोई ट्रेनिंग भी नहीं ली थी. रेखा मुझे इंतज़ार करने के लिए कहती थीं और वह उनकी मदद करती थीं.' रेखा और सलमान खान के बीच हमेशा से एक प्यारा रिश्ता रहा है. बिग बॉस के मंच पर खुद रेखा ने सभी के साथ एक किस्सा शेयर किया था.



## सनी देओल और ऋषभ शेट्टी आमने-सामने

2 अक्टूबर को दो बड़ी फिल्मों ने सिनेमाघरों में दस्तक दी थी. जहां वरुण धवन की 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का 6 दिनों में ही हाल बेहाल हो गया. तो वहीं ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' दुनियाभर से 400 करोड़ रुपये छाप चुकी हैं. 125 करोड़ में बनी फिल्म की हर तरफ बात की जा रही है. क्योंकि ऋषभ फैन्स की सभी उम्मीदों पर खरा उतरे हैं. अब जानिए अगली फिल्म कौन सी होगी?ऋषभ शेट्टी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि वो कांतारा के दौरान कोई फिल्म नहीं लेना चाहते थे. पर जिस तरह से उन्हें प्रशांत वर्मा ने फिल्म की कहानी सुनाई, तो वो मना ही नहीं कर पाए है. ऋषभ शेट्टी का फिल्म जय हनुमान से लुक भी सामने आ गया है. जिसे मैत्री मूवी मेकर्स वाले ही प्रोड्यूस कर रहे हैं.

एक इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि अब सनी देओल भी हनुमान जी का किरदार निभा रहे हैं. वहीं आप भी हनुमान बन रहे हैं प्रशांत वर्मा के यूनिवर्स में, तो किसी तरह का प्रेशर है. जिसपर वो कहते हैं कि, नहीं किसी तरह का प्रेशर कभी नहीं लेते हैं. प्रशांत की कहानी उन्हें काफी पसंद आई है. उनका कहना है कि प्रेशर लिया, तो काम नहीं कर सकते.दरअसल सनी देओल जल्द नीतेश तिवारी की 'रामायण' में हनुमान बनने वाले हैं. जिसके लिए वो पहले ही शूटिंग निपटा चुके हैं. एक्टर ने खुद भी कंफर्म कर दिया है कि वो जितने नर्वस हैं, उतने ही एक्साइटेड भी हैं. दरअसल एक्टर को इस लुक में देखने का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है.

# यूट्यूबर अरमान मलिक की चाल से फैंस हैरान

भारत के मशहूर यूट्यूबर अरमान मलिक अक्सर विवादों में छाए रहते हैं, लेकिन इस बार मामला थोड़ा गंभीर है. दरअसल, अरमान इन दिनों कानूनी विवादों से घिरे हुए हैं. हाल ही में एक शख्स ने उनपर केस दर्ज करवाया था, जिसमें कहा गया था कि, अरमान ने तीन शादियां की हैं, जो हिंदू धर्म के खिलाफ है और यह लोगों के बीच गलत संदेश फैला रही है.

इस केस के बाद खबरें उड़ने लगी थीं कि अरमान मलिक को मजबूरी में अपनी किसी एक पत्नी को तलाक देना पड़ सकता है.तलाक की खबरों के बीच अरमान मलिक हाल ही में अपनी दूसरी पत्नी कृतिका मलिक के साथ दुबई गए थे. वहां अरमान ने बताया कि उन्होंने दुबई में अपना प्रॉपर्टी का बिजनेस शुरू किया है. इस बिजनेस को पायल और कृतिका मिलकर संभालेंगी. लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अरमान ने कहा कि वह जल्द ही अपनी पूरी फैमिली के साथ दुबई शिफ्ट हो जाएंगे. यूट्यूबर के इस फैसले से उनके फैंस काफी हैरान हैं. अरमान मलिक ने अपनी दुबई शिफ्टिंग की वजह के पीछे



का भी खुलासा किया. उन्होंने कहा, दुबई में दो पत्नियों को साथ रखना लीगल है. यानी उन्हें वहां किसी भी तरह के कानूनी डर का सामना नहीं करना पड़ेगा. कृतिका भी उनके इस फैसले से पूरी तरह से सहमत हैं.अरमान मलिक के इस फैसले से अंदाजा लगाया जा सकता है कि, अगर उन्हें अपनी पत्नियों को तलाक देने की नौबत आई तो वह हमेशा के लिए दुबई शिफ्ट हो जाएंगे, लेकिन किसी को भी तलाक नहीं देंगे. हालांकि, तलाक की खबरों में अरमान और उनकी दोनों पत्नियों कृतिका मलिका और पायल मलिक की तरफ से अभी तक कोई ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है.

## पंजाब में बाढ़ के चलते शहनाज की 'इक कुड़ी' हुई पोस्टपॉन

शहनाज गिल इस वक्त एक ऐसा चेहरा हैं जिनको शायद ही कोई नहीं जानता होगा। ना सिर्फ हिंदी फिल्में और रियालिटी शो पर बल्कि पंजाबी फिल्मों को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। इस वक्त उनकी एक फिल्म को लेकर चर्चा है जिसका नाम इक कुड़ी है। इस फिल्म की रिलीज को लेकर लोग इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि शहनाज गिल के साथ साथ इस फिल्म में कई दमदार कलाकार नजरल आने वाले हैं। अक्सर पंजाबी फिल्मों में अपने अभिनय से धमाका करने वाली शहनाज को बिग बॉस में आने के बाद एक अलग पहचान मिली थी।

शहनाज गिल की फिल्म इक कुड़ी 31 अक्तूबर को पड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है और ऐसा कहा जा रहा है कि लोग इसको अभी से पसंद कर रहे हैं। शहनाज गिल लगातार इस फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। वैसे तो अक्तूबर में कई शानदार पंजाबी फिल्में रिलीज हुई हैं







लेकिन शहनाज गिल की फिल्म को लेकर दीवानगी अलग है। पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से मशहूर शहनाज गिल सलमान खान की काफी करीबी मानी जाती हैं। इस टाइटल को लेकर सलमान खान ने कई बार बिग बॉस में उनका मजाक उड़ाया था। अक्तूबर में निक्का जैलदार 4, गॉडडे गॉडडे चा 2 और रवि दे कांड जैसी कई फिल्में आईं हैं और आने वाली भी हैं। देखना है कि इस महीने कौन सी फिल्म सबसे बड़ी बनती है।

# मंधाना इतिहास रचने से सिर्फ 81 रन दूर



**नई दिल्ली.** स्मृति मंधाना के पास साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में एक नया इतिहास रचने का सुनहरा मौका होगा। 9 अक्टूबर गुरुवार को जब आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2025 में भारतीय महिला टीम और साउथ अफ्रीका महिला टीम के बीच मुकाबला होगा, तो उसमें स्मृति की बल्लेबाजी पर सभी फैंस की निगाहें होंगी। इस मुकाबले में स्मृति के पास वो मुकाम हासिल करने का मौका होगा, जिसे आज तक सिर्फ एक भारतीय महिला बल्लेबाज ने किया है। अगर साउथ अफ्रीका के खिलाफ इनका बल्ला चलता है, तो भारतीय क्रिकेट के लिए नया इतिहास रचेंगी।

वर्तमान में भारत की सबसे सफल महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने 109 वनडे मुकाबले खेले हैं। इस दौरान 109 इनिंग्स में 47.53 की औसत से 4896 रन बनाए हैं। स्मृति 5000 रनों के आंकड़े को छूने से सिर्फ 81 रनों की दूरी पर खड़ी हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में यदि उनके बल्ले से एक शानदार पारी निकल जाती है, तो वह आसानी से इस बड़े मुकाम को हासिल कर लेंगी। ऐसा करते ही वह भारत के लिए दूसरी सबसे सफल महिला बल्लेबाज बन जाएंगी।

भारतीय महिला टीम के लिए वनडे में 5000 रन बनाने का रिकॉर्ड सिर्फ एक ही बल्लेबाज के नाम दर्ज है और उनका नाम मिताली राज है। पूर्व भारतीय महिला ने 234 वनडे मैचों की 211 इनिंग में 7805 रन बनाए हैं। उनका करियर औसत 50.70 का रहा है। मिताली के बल्ले से 7 सेंचुरी और 64 हाफ सेंचुरी भी निकली है। सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर 125 रन रहा है। मिताली एकमात्र भारतीय महिला बल्लेबाज हैं, जिन्होंने वनडे में 5 हजार रनों का आंकड़ा पार किया है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मुकाबले की वनडे सीरीज में 300 रन बनाने वाली स्मृति मंधाना का बल्ला आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 में अब तक शांत रहा है। श्रीलंका के खिलाफ पहले मुकाबले में वह केवल आठ रन बनाकर आउट हो गईं, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में उनके बल्ले से केवल 23 रन निकले। टीम इंडिया के लिए उनके फार्म में वापस आना बेहद जरूरी है। हालांकि स्मृति के पास वापसी करने की पूरी काबिलियत है।

## कप्तानी छीने जाने के बाद शर्मा को मिला अवॉर्ड

**मुंबई.** महान बल्लेबाज बी एस चंद्रशेखर और ब्रायन लारा को मंगलवार को यहां सीएट क्रिकेट रेटिंग पुरस्कारों के दौरान 'लाइफटाइम अचीवमेंट' सम्मान दिया गया जबकि भारत के संजू सैमसन और वरुण चक्रवर्ती ने क्रमशः वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज और गेंदबाज का पुरस्कार हासिल किया. पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को कप्तान के रूप में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए एक विशेष स्मृति चिन्ह दिया गया, जबकि श्रेयस अय्यर को 50 ओवर की प्रतियोगिता में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक रन बनाने के लिए स्मृति चिन्ह दिया गया.

अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज इंग्लैंड के जो रूट ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरूष क्रिकेटर का पुरस्कार जीता. हैरी ब्रुक को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष टेस्ट बल्लेबाज घोषित किया गया, जबकि श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट गेंदबाज चुना गया.

भारत की दीप्ति शर्मा को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला अंतराष्ट्रीय गेंदबाज चुना गया जबकि स्मृति मंधाना ने सर्वश्रेष्ठ महिला अंतराष्ट्रीय बल्लेबाज का पुरस्कार जीता. रणजी ट्रॉफी 2024-25 में 69 विकेट लेकर एक सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाने वाले विदर्भ के हर्ष दुबे को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ घरेलू क्रिकेटर चुना गया.

# पृथ्वी शॉ ने मारने के लिए उठाया बल्ला



**नई दिल्ली.** पृथ्वी शॉ एक बार फिर से क्रिकेट के मैदान पर बल्ले से रनों की बरसात की है। रणजी ट्रॉफी 2025-26 शुरू होने से पहले मुंबई और महाराष्ट्र के बीच अभ्यास मुकाबला खेला जा रहा है। पहले दिन पूरी तरह से दाएं हाथ के बल्लेबाज पृथ्वी ने अपने नाम रखा। अपनी ओल्ड टीम के सामने छोटे कद के इस बल्लेबाज ने जमकर चौके और छक्के लगाए। लेकिन, जब आउट हुए उसके बाद उनकी हरकत ने मैदान पर माहौल गर्म कर दिया। उनके द्वारा किया गया ड्रामा देख हर क्रिकेट फैंस चौंक गया। पृथ्वी आउट होने के बाद अपने आप पर काबू नहीं रख पाए और सामने वाली टीम के एक प्लेयर से भीड़ गए। इतने में क्रिकेट का मैदान जंग के माहौल जैसा बन गया।

क्रिकेट के ग्राउंड पर अपनी हरकत के चलते पृथ्वी शॉ काफी सुर्खियों में आ गए हैं।

हालांकि, पहले बल्ले से जलवा बिखेरा और 181 रनों की लाजवाब इनिंग खेली। इसके लिए सिर्फ 219 गेंदों का सामना किया। लेकिन मुंबई की तरफ से खेल रहे यंग प्लेयर मुशीर खान की जबदरस्त गेंद ने उनके डबल सेंचुरी के इरादे पर पानी फेर दिया। 200 के आंकड़े से सिर्फ 19 रन दूर पृथ्वी ने मुशीर की बॉल को स्विप मारने का प्रयास किया और सीधे गेंद बाउंड्री लाइन पर खड़े फील्डर के हाथों में चली गई। लेकिन उनके आउट होने के बाद मुंबई के खिलाड़ी से स्लेजिंग के कारण भीड़ गए।

पृथ्वी शॉ ने आउट होने के बाद अपना संयम खो दिया और मुशीर खान को बल्ला दिखाकर मारने का इशारा किया।

हद तो उस समय हो गई, जब उन्होंने गुस्से में आकर सरफराज खान के छोटे भाई का कॉलर धर लिया। इससे पहले की यह मामला मारपीट तक चल जाए, ऑन फील्ड अंपायर ने उन्हें रोक दिया। अंपायर ने शांत कराकर दोनों को हटाया और पृथ्वी को पवेलियन लौटा दिया। पृथ्वी की लड़ाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। क्रिकेट में खिलाड़ियों के बीच बहस देखने को मिलते रहते हैं, लेकिन पृथ्वी ने जो किया उसे देख हर कोई हैरान है।

## राउंडग्लास हॉकी अकादमी का जलवा बरकरार

### लगातार दूसरी बार जीता अंडर-16 खिताब



**मोहाली.** राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए एसएनबीपी ऑल इंडिया अंडर-16 बॉयज हॉकी टूर्नामेंट का खिताब एक बार फिर अपने नाम किया। पुणे के बालेवाड़ी महालुंगे में खेले गए फाइनल में आरजीएचए ने ओडिशा नेवल टाटा ग्रासरूट्स अकादमी को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।विजेता टीम की ओर से प्रह्लाद पांडे ने दो गोल दागे, जबकि अर्शप्रीत सिंह ने एक गोल करते हुए टीम को खिताबी जीत दिलाई।

ओडिशा नेवल टाटा की ओर से बिकाश मांझी ने एकमात्र गोल किया। मैच की शुरुआत से ही आरजीएचए ने आक्रामक खेल दिखाया और 14वें मिनट में अर्शप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त दिलाई। हालांकि 34वें मिनट में बिकाश मांझी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद आरजीएचए ने नियंत्रण दोबारा हासिल करते हुए 38वें और 53वें मिनट में प्रह्लाद पांडे के शानदार गोलों से जीत पक्की की।

टूर्नामेंट में अर्शदीप सिंह को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, जबकि वरिंदर सिंह को सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का पुरस्कार मिला। सेमीफाइनल में आरजीएचए ने घुमनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी (नई दिल्ली) को 8-2 से हराया था। इस मैच में वरिंदर सिंह ने हैट्रिक लगाई, जबकि रोहित पाल और अर्शप्रीत सिंह ने दो-दो गोल किए।

क्वार्टरफाइनल में भी आरजीएचए का दबदबा कायम रहा, जहां उन्होंने जय हॉकी अकादमी को 9-0 से हराया।

वरिंदर सिंह ने एक और हैट्रिक लगाई, जबकि रोहित पाल, प्रह्लाद पांडे, अर्शदीप सिंह, अर्जनदीप सिंह और अर्शप्रीत सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया।

कोच विकास पाल के मार्गदर्शन में खेल रही यह युवा टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही। ग्रुप चरण में भी उन्होंने वीर हॉकी अकादमी को 11-0 और इन्फिनिटी हॉकी अकादमी को 8-0 से हराते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

## दो शूटर करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**चंडीगढ़.** हरियाणा के दो होनहार शूटर भवनीश चौधरी और आशिमा माखीजा का चयन शॉटगन वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो ग्रीस में आयोजित की जाएगी। ये दोनों खिलाड़ी भारत की ओर से इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे और निशाना साधेंगे। भवनीश और आशिमा ने हाल ही में हुई चयन ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बनाई है। दोनों खिलाड़ियों ने लगातार अच्छे स्कोर कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भवनीश चौधरी ट्रैप शूटिंग में माहिर हैं और इससे पहले कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। आशिमा माखीजा भी डबल ट्रैप और स्कीट में बेहतरीन प्रदर्शन कर चुकी हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं।

ग्रीस में होने वाली इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के टॉप शूटर हिस्सा लेंगे। भारत को उम्मीद है कि भवनीश और आशिमा अच्छे प्रदर्शन के जरिए देश को पदक दिला सकते हैं। हरियाणा पहले से ही खेलों में अग्रणी राज्य रहा है, और इस चयन ने राज्य के खेल मानचित्र पर एक और सुनहरी छाप छोड़ी है। अगर आप चाहें तो मैं इसका छोटा न्यूज़ बुलेटिन स्क्रिप्ट या सोशल मीडिया पोस्ट वर्ज़न भी बना सकता हूं।

## भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे



**नई दिल्ली.** भारतीय हॉकी ने अपनी गौरवशाली यात्रा के 100 साल पूरे कर लिए हैं। 7 नवंबर 1925 को बने हॉकी प्रशासन के पहले संस्थान से लेकर 8 ओलंपिक स्वर्ण पदकों तक का यह सफर इतिहास में दर्ज है। इस मौके पर 90 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी गुरबख्श सिंह ने कहा कि "यह खेल भारत की पहचान है, और इस मील के पत्थर को मनाना गर्व का क्षण है। भारतीय हॉकी का सुनहरा दौर 1928 से 1959 तक रहा, जब टीम ने लगातार ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते। 1980 के दशक में गिरावट के बाद, 2020 टोक्यो ओलंपिक में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में कांस्य जीत ने फिर से नई शुरुआत की। 2024 पेरिस में टीम ने एक और पदक जीतकर उस विरासत को जीवित रखा।1959 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले गुरबख्श सिंह 1964 टोक्यो ओलंपिक और 1966 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रहे। पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने उन्हें चश्मा पहनने की वजह से 'प्रोफेसर' कहा।

वे कहते हैं, मेरे लिए हॉकी जीवन है। हमने तब ओलंपिक में विश्व खिताब वापस जीता था, वही पल आज भी मेरे दिल में है।

गुरबख्श के अनुसार, भारतीय हॉकी का सबसे रोमांचक अध्याय भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत थी। उन्होंने कहा, 'मैदान के बाहर कोई दुश्मनी नहीं थी, लेकिन मैदान पर बस एक ही लक्ष्य होता था- जीतना। उनका मानना है कि इस प्रतिद्वंद्विता ने ही दोनों देशों की हॉकी को विश्वस्तर पर पहचान दिलाई।

## आर्कटिक ओपन में चमके अनमोल और तान्या

**वंता (फिनलैंड):** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब और तान्या हेमंत प्रभावी जीत दर्ज करके आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल दूसरे दौर में पहुंच गए. अनमोल ने चीनी ताइपै की लिन सियांग ति को 23-21, 11-21, 21-18 से हराया.अब उनका सामना चीनी ताइपै की ही वेन चि सू से होगा. तान्या ने चीनी ताइपै की हुआंग चिंग पिंग को 22-20, 21-18 से मात दी. अब वह थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त रेचानोक इंतानोन से खेलेंगी.कविप्रिया सेल्वम को डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने 21-16, 21-16 से हराया. मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने फ्रांस के लुकास रेनोइर और कैमिले पोगनांटे को 21-9, 21-7 से हराया.

## रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी की जीत का श्रेय राहुल द्रविड़ को दिया

**नई दिल्ली.** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राहुल द्रविड़ के कार्यकाल में शुरू की गई प्रक्रियाओं का पालन करने की वजह से भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद मिली। रोहित ने इस तरह खिताबी जीत का श्रेय द्रविड़ को दिया। मालूम हो कि भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित की कप्तानी में उतरा था, जबकि टीम के मुख्य कोच द्रविड़ नहीं गौतम गंभीर थे।रोहित और द्रविड़ की जोड़ी काफी हिट रही थी। इन दोनों की अगुआई में भारत 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचा था जहां उसे हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, भारत ने इस निराशा को पीछे छोड़ा और 2024 टी20 विश्व कप में जीत दर्ज की। द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के साथ ही समाप्त हो गया था। इसके बाद गंभीर का दौर शुरू हुआ और टीम ने 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की।



रोहित ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, देखिए, मुझे वह टीम बहुत पसंद थी, उनके साथ खेलना बहुत अच्छा लगता था और यह एक ऐसा सफर रहाहै जिसमें हम सभी कई वर्षों से लगे हुए थे। यह एक या दो साल के काम की बात नहीं है। यह कई वर्षों से काम करने की बात है। हम कई बार ट्रॉफी जीतने के बहुत करीब पहुंच गए थे, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाए। यहीं पर सभी ने फैसला किया कि हमें कुछ अलग करना होगा और इसे देखने के दो तरीके हैं। हमेशा यही विचार आता है कि ऐसा किया जाए और फिर जाकर वैसा ही किया जाए। यह एक या दो खिलाड़ियों से नहीं हो सकता। हमें चाहिए था कि सभी इस विचार को अपनाएं और यह सभी की ओर से अच्छा था।

रोहित को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। रोहित ने टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के प्रदर्शन के बारे में की जिसमें भारत ने उनकी कप्तानी में खिताब जीता था। रोहित ने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों ने यह सोचा कि कैसे मैच जीते जाएं और कैसे खुद को चुनौती दी जाए और आत्मसंतुष्ट न हों तथा किसी भी चीज को हल्के में न लें। ये वो गुण थे जिन्हें हमने अपने अंदर लाने की कोशिश की और हमें लगा कि बार-बार ऐसा करना एक अच्छा तरीका है। सभी ने इस प्रक्रिया का आनंद लिया। पहला गेम जीतने के बाद हमने उस गेम को पूरी तरह से एक तरफ रख दिया और फिर अगले गेम पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया।

# अमन सेहरावत पर लगा प्रतिबंध डब्ल्यूएफआई ने दी सख्त सजा



**नई दिल्ली.** भारतीय कुश्ती महासंघ ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले रेसलर समन सेहरावत को एक साल के लिए निलंबित कर दिया है। इस बैन का ऐलान होने के साथ अमन अगले एक साल तक रेसिलंग से जुड़ी किसी भी गतिविधि में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। अमन ने जब पिछले साल पेरिस में हुए ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था तब वह सबसे कम उम्र में ओलंपिक मेडल जीतने वाले भारतीय बन गए थे। अमन ने सिर्फ 21 साल 24 दिन की उम्र में ओलंपिक मेडल अपने नाम किया था। अमन सेहरावत को एक साल के लिए कुश्ती से बैन करने का फैसला भारतीय कुश्ती महासंघ ने सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में उनके बिना खेले ही बाहर होने के बाद उठाया है। दरअसल अमन जिनको पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लेना था वह इवेंट के एक दिन पहले निर्धारित वजन सीमा से 1.7 किलो अधिक वजन पाये जाने के कारण बिना खेले ही अयोग्य करार दे दिए गए। समाचार एजेंसी पीटीआई की खबर के अनुसार डब्ल्यूएफआई ने अमन को बैन करने के साथ उन्हें एक पत्र भी भेजा है, जिसमें लिखा कि आपको कारण बताओ नोटिस की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती से जुड़ी सभी गतिविधियों से निलंबित किया जाता है। यह निर्णय अंतिम है। निलंबन की अवधि के दौरान आपको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित या स्वीकृत किसी भी गतिविधि में भाग लेने या उससे जुड़ने से प्रतिबंधित किया जाता है।

बता दें कि अमन अब साल 2026 में होने वाले एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाएंगे, क्योंकि उसका आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होना है, जिसमें तब तक अमन का प्रतिबंध खत्म नहीं होगा।

**अमन सेहरावत से मांगा गया था स्पष्टीकरण**

रेसलिंग से एक साल के लिए बैन किए जाने वाले अमन सेहरावत को भारतीय कुश्ती महासंघ ने 23 सितंबर 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। अब महासंघ ने कहा है कि अमन के जवाब को अनुशासन समिति ने अंसतोषजनक पाया, जिसमें 29 सितंबर को दिए गए आपके जवाब की विधिवत समीक्षा की। इसके अतिरिक्त मुख्य कोच और सहायक कोचिंग स्टाफ से इस मामले में स्पष्टीकरण लिया गया था, जिसके बाद कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का फैसला लिया गया।

## बांग्लादेश ने इंग्लैंड को दी कड़ी टक्कर

**नई दिल्ली.** वूमेंस वर्ल्ड कप में आज इंग्लैंड और बांग्लादेश के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. मैच की शुरुआत में ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड की टीम आसानी से यह मुकाबला अपने नाम कर लेगी लेकिन अंग्रेजों को बांग्लादेश की छोरियों ने पानी पिला दिया. पाकिस्तान को पस्त करने के बाद बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम ने अंग्रेजों की हालत भी टाइट कर दी थी. मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए भी जैसे-तैसे अंग्रेजों ने महज चार ओवर पहले ये मुकाबला चार विकेट से अपने नाम किया. हीथर नाइट ने अंत तक डटकर 79 रन की पारी खेली और इंग्लैंड की नैया पार लगाई.

पहले बल्लेबाजी करने वाली बांग्लादेशी टीम 178 रन पर आउट हो गई. इसके बाद लेग स्पिनर फाहिमा खातून ( दस ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट ) और तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर ( पांच ओवर में 28 रन देकर दो विकेट ) ने किला लड़ाने की कोशिश की और एक समय 23वें ओवर में इंग्लैंड के पांच विकेट 78 रन पर गिर गए थे. नाइट ने हालांकि बांग्लादेश के उलटफेर के मंसूबों पर पानी फेरते हुए जबर्दस्त पारी खेली. मार्च में कप्तानी छोड़ने वाली नाइट 111 गेंद में 79 रन बनाकर नाबाद रही. वहीं चार्ली डी ने 56 गेंद में 27 रन की नाबाद पारी खेली.डीन और नाइट ने सातवें विकेट के लिये 79 रन जोड़कर 23 गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिलाई. इससे पहले इंग्लैंड के लिये एक्लेसटन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर तीन विकेट लिये. बांग्लादेश के लिये शोभना मोस्तारी ने 108 गेंद में 60 और राबिया खान ने 27 गेंद में 43 रन बनाये. इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही और एमी जोंस (एक) पहले ही ओवर में मारूफा अख्तर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गई.

## इंग्लैंड ने महिला विश्वकप में बांग्लादेश को हराया



**नई दिल्ली.** महिला वनडे विश्वकप में मंगलवार को इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज की। हीथर नाइट की नाबाद 79 रनों की बदौलत इंग्लैंड ने 179 रनों के आसान लक्ष्य को 46.1 ओवर में अपने 6 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इस मुकाबले में बांग्लादेश उलटफेर करने की स्थिति में था, लेकिन हीथर नाइट की बदौलत इंग्लैंड ने चार विकेट शेष रहते जीत हासिल कर ली। बांग्लादेशी गेंदबाज़ों ने इंग्लैंड को मुश्किल में डाल दिया था क्योंकि उन्हें एक बड़ी जीत का आभास हो गया था, लेकिन नाइट की नाबाद अर्धशतकीय पारी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

मारुफ़ा अख्तर ने दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को आउट कर दिया, इससे पहले फ़हीमा खातून के तीन विकेटों ने बांग्लादेश को बढ़त दिला दी थी। लेकिन एलिस कैप्सी और चार्ली डीन ने नाइट के साथ मिलकर अहम साझेदारियाँ निभाईं और एक कड़े मुकाबले में जीत हासिल की, जो टूर्नामेंट में उनकी दूसरी जीत थी। हीथर नाइट प्लेयर ऑफ़ द मैच रहीं। इससे पहले इंग्लैंड ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 178 रन पर आउट कर दिया । पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने तीन विकेट 59 रन पर गंवा दिये थे। इसके बाद शोभना मोस्तारी ने 108 गेंद में 60 रन बनाये लेकिन बांग्लादेश के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। रूबिया खान ने आखिर में 27 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिये सोफी एक्सेलेटन ने तीन और चार्ली डीन ने दो विकेट चटकाये।

# मेलोनी के खिलाफ इंटरनेशनल कोर्ट में क्यों दर्ज हुआ मुकदमा?

**रोम.**

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और उनके 2 मंत्रियों के खिलाफ इंटरनेशनल कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया है. मेलोनी ने खुद इसकी जानकारी दी है. मेलोनी का कहना है कि उन पर गाजा नरसंहार का आरोप लगाया गया है. दर्ज मुकदमे में कहा गया है कि इटली ने इजराइल के लिए हथियार मुहैया कराए, जिससे हजारों लोगों की गाजा में मौत हुई. इटली की सरकारी एजेंसी आरटीई से बात करते हुए मेलोनी ने कहा- यह दुनिया का इकलौता मामला है. काफी आश्चर्यजनक. हम पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उसमें कोई दम नहीं है. मेरे रक्षा और विदेश विभाग के मंत्रियों पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है. इटली की राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी के मुताबिक साल 2022 से 2023 तक मेलोनी की सरकार ने 36.3 करोड़ के हथियार बेचे. इटली ने जो हथियार इजराइल को बेचे, उसमें अधिकांश नौसैनिक तोपें, गोला-बारूद और हथियार शामिल हैं. 2023 में आलोचना के बाद मेलोनी ने इजराइल को हथियार बेचना बंद कर दिया. इजराइल इसके बाद पूर्ण रूप से अमेरिका से ही सारा हथियार खरीदता रहा है.

गाजा पर मेलोनी का स्टैंड हमेशा सुर्खियों में रहा है. उन पर ढुलमुल नीति अपनाने का आरोप लगता रहा है. मेलोनी ने अब तक 2 स्टेट के तहत फिलिस्तीन को अलग देश के रूप में मान्यता नहीं दी है, जबकि यूरोप से रूस, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देशों ने फिलिस्तीन को अलग मान्यता दे दी है. इंटरनेशनल कोर्ट के जज फैसला तो सुनाते हैं, लेकिन उसे लागू नहीं करा पाते हैं. हालांकि, जो देश कोर्ट को मानता है या उसका सदस्य है, वो उस फैसले को लागू कराने का भरसक प्रयास करता है.

# दो सीटों पर चुनाव लड़ेंगे तेजस्वी यादव ?

## > चुनावी हलचल तेज

**पटना.**

बिहार विधानसभा चुनाव की तमाम खबरों के बीच एक बड़ी खबर और निकलकर के सामने आ रही है. बताया जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव राघोपुर के अलावा एक अन्य जगह से भी विधानसभा का चुनाव लड़ सकते हैं. हालांकि, अभी तक इस पर आरजेडी या तेजस्वी की ओर से कोई बयान नहीं आया है. मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि तेजस्वी यादव राघोपुर के अलावा मधुबनी जिले की फुलपरास विधानसभा सीट से चुनावी समर में



उत्तर सकते हैं.

तेजस्वी वर्तमान में राघोपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं. इस सीट को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के साथ ही राबड़ी देवी का पारंपरिक गढ़ माना जाता है. माना जा रहा है कि तेजस्वी यादव इस सीट से अपनी दावेदारी पेश करके पार्टी को अत्यंत पिछडा वर्ग के मतों पर फोकस कर सकते हैं. बता दें कि राजद के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल फुलपरास से ही ताल्लुक रखते हैं. फुलपरास सीट को काफी ऐतिहासिक माना जाता है. इसी सीट से ही 1977 में हुए उपचुनाव में तत्कालीन सीएम कर्पूरी ठाकुर ने चुनाव लड़ा था. इस सीट से पिछले तीन विधानसभा चुनाव में जदयू का दबदबा रहा है. पिछले विधानसभा चुनाव में जदयू की शीला कुमारी ने कांग्रेस के उम्मीदवार कृपानाथ पाठक को करीब 11 हजार मतों से हराया था. तब इस सीट पर लोजपा के उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह तीसरे नंबर पर रहे थे.

### राज्य में बड़ी राजनीतिक चर्चा शुरू

हालांकि तेजस्वी यादव के फुलपरास सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर उनकी पार्टी की तरफ से अभी किसी भी प्रकार का बयान सामने नहीं आया है. बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की तरफ से अभी तक सीट शेयरिंग का मामला क्लियर नहीं हुआ है. ऐसे में तेजस्वी के बारे में इस खबर के सामने आने के बाद राज्य में बड़ी राजनीतिक चर्चा शुरू हो गई है.

# जिस जहाज ने तोड़ा पाकिस्तान, वो अब बांग्लादेश में!

**ढाका.**

बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह पर बुधवार को अमेरिका यूएसएस फिट्जगेराल्ड के पहुंचने की खबर है. मिसाइल विध्वंसक इस फिट्जगेराल्ड को आखिरी बार 1971 में पाकिस्तान और भारत की लड़ाई के वक्त बंगाल की खाड़ी में देखा गया था. उस वक्त अमेरिका ने इसे पाकिस्तान के लिए भेजा था. द नॉर्थ ईस्ट पोस्ट के मुताबिक यूएसएस फिट्जरगोल्ड को चटगांव में बांग्लादेशी सैनिकों के साथ अभ्यास के लिए भेजा गया है. यह अभ्यास 3 दिनों तक चलेगा. यूएसएस का यह फिट्जरगोल्ड सैन डिएगो से चलकर चटगांव पहुंचा है. यूएसएस फिट्जरगोल्ड के सैन्य अभ्यास को लेकर बंगाल की खाड़ी में अलर्ट जारी किया गया है. सभी नाविकों को इस फिट्जरगोल्ड से दूर रहने के लिए कहा गया है. 154 मीटर लंबा और 20.2 मीटर चौड़ा यह फिट्जरगोल्ड 9,246 टन वजनी है. इस पर कुल 327 अधिकारी और नाविक सहित चालक दल के सदस्य सवार होंगे. इस फिट्जरगोल्ड को तब भेजा गया है, जब रखाइन को लेकर बांग्लादेश के क्रॉक्स बाजार इलाके में तनाव का माहौल है. हाल ही में बांग्लादेश के सैनिकों ने अमेरिकी सील्स सैनिकों के साथ अभ्यास किया था. 1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान जब भारत और पाकिस्तान में जंग छिड़ा, तब अमेरिका ने पाकिस्तान को बचाने के लिए 7वें बेड़े की तैनाती की. इधर रूस ने भी भारत के समर्थन में परमाणु पनडुब्बी की तैनाती कर दी. इस तैनाती से अमेरिका को झटका लग गया. आखिर में पाकिस्तान की हार हुई और बांग्लादेश का विभाजन हो गया. ऐसे में अब अमेरिका ने 40 साल पुराने अपने इस फिट्जरगोल्ड को चटगांव में तैनात कर एक बड़ा संदेश देने की कोशिश की है.

# सीएम योगी की शरण में पवन सिंह की पत्नी ज्योति

## > कहा- दोषी अफसरों के खिलाफ एक्शन हो

**पटना.**

भोजपुरी सिनेमा के गायक और सुपरस्टार पवन सिंह इन दिनों फिर से लगातार चर्चा में बने हुए हैं. पत्नी ज्योति सिंह की ओर से सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ लगातार हमला किए जाने के बाद पवन सिंह ने कहा कि महिला के आंसू सभी को दिखते हैं, लेकिन मर्द का दर्द नहीं दिखता. अब सारे फैसले कोर्ट से ही लिए जाएंगे. इस बीच ज्योति सिंह ने योगी सरकार को पत्र लिखकर उनके साथ गलत व्यवहार करने के दोषी अफसरों पर सख्त एक्शन लिए जाने की बात कही है.



अपने ही पति के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले ज्योति सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कहा, 'आपको न्याय और इंसाफ के लिए पूरे उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देशभर में जाना जाता है. पिछले दिनों 5 अक्टूबर को मेरे साथ आपकी शासन की पुलिस खासतौर से लखनऊ स्थित थाना सुशांत गोल्फ सिटी के शो उपेंद्र सिंह की ओर से जिस प्रकार का अभद्र और अपमानजनक व्यवहार किया गया, उन्होंने मुझे गहराई से आहत किया है.

उन्होंने अपने शिकायती पत्र में कहा, 'एक पीड़ित महिला के साथ इस प्रकार की बदसलूकी यह दर्शाती है कि कुछ अधिकारी 'जनसेवक' होने के बावजूद आम जनता के साथ किस तरह का व्यवहार करते हैं.'

ज्योति सिंह ने आगे कहा, 'एक ओर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी को आगे बढ़ाओ' जैसे नारों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बात की जाती है तो वहीं दूसरी ओर आपकी पुलिस ही एक बेटी के साथ दुर्व्यवहार कर उस नीति का मजाक बना रही है.'

उन्होंने आगे अपने पत्र में कहा, 'मैं उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की बेटी होने के नाते आपसे यह पूछना चाहती हूं कि क्या आज एक पत्नी अपने पति से मिलने जाए तो उस पर भी केस दर्ज कर दिया जाता है? यह सिर्फ मेरा सवाल नहीं है, यह मेरे जैसी सभी पीड़ित महिलाओं का सवाल है.उन्होंने दोषी अफसरों पर एक्शन लेने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी, ऐसे अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी पुलिस अफसर इस प्रकार की हरकत करने से पहले सौ बार सोचे. आपसे न्याय की अपेक्षा में.

# फेसबुक लाइव आकर शख्स ने किया सुसाइड का प्रयास

**बेंगलुरु.**

कर्नाटक में एक पारिवारिक विवाद ने उस समय एक चौंकाने वाला मोड़ ले लिया जब एक व्यक्ति ने फेसबुक लाइव के दौरान अपनी पत्नी और उसके रिश्तेदारों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आत्महत्या का प्रयास किया। यह घटना जयनगर थाना क्षेत्र में हुई।



जानकारी के मुताबिक, सलमान पाशा नामक व्यक्ति ने सुसाइड करने की कोशिश की। वह कुवैत में हाइड्रोलिक मैकेनिक का काम करता है। वह अभी हाल में ही कुवैत से भारत लौटा था। सलमान पाशा ने चार साल पहले सैयद निखत फिरदौस से शादी की थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह जोड़ा दो साल तक खुशी-खुशी रहा, लेकिन जब सलमान काम के सिलसिले में विदेश चला गया और उसकी पत्नी गर्भवती थी। इसके बाद दोनों के बीच मतभेद पैदा हो गए। विवाद के बाद निखत कथित तौर पर अपने मायके चली गई और दंपति के बीच विवाद शुरू हो गया। सुसाइड की कोशिश से पहले बनाए गए वीडियो में सलमान ने अपनी पत्नी, उसके परिवार और उसके रिश्तेदार, एआईएमआईएम के तुमकुरु जिला अध्यक्ष सैयद बुरहान उद्दीन पर मानसिक उत्पीड़न और पैसे के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पत्नी के बुरहान उद्दीन के साथ अवैध संबंध हैं और विदेश से लौटने के बाद भी उन्हें अपने दोनों बच्चों से मिलने नहीं दिया गया। एक भावुक फेसबुक लाइव वीडियो में सलमान ने महिला पुलिस थाने पर अपनी पत्नी के परिवार का पक्ष लेने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें पहले भी उनके खिलाफ दर्ज एक झूठे मामले में जेल भेजा जा चुका है। इसके तुरंत बाद, उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया और उन्हें तुमकुरु जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सलमान के परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

# खैबर में मुनीर आर्मी के खिलाफ टीटीपी का तांडव

## > एक साथ मार गिराए 11 जवान

**कराची.**

पाकिस्तान में शहबाज सरकार और आर्मी चीफ आसिम मुनीर की नींद आतंकी संगठन टीटीपी ने उड़ा रखी है. उसका आतंक बढ़ते ही जा रहा है. दरअसल पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में मंगलवार को एक घातक आतंकी हमला हुआ है. हमले में पाकिस्तान की अर्धसैनिक बलों के 11 जवान, जिनमें दो अधिकारी भी शामिल हैं, की मौत हो गई है. यह हमला आतंकवादी संगठन तेहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने किया. घटना के बाद पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ऑरकजई जिले में अभियान चलाया, जिसमें 19 आतंकवादी मारे गए. खैबर पख्तूनख्वा के जनजातीय इलाकों में हाल के महीनों में हिंसा बढ़ी है. पिछले महीने दक्षिण वजीरिस्तान



में मुठभेड़ के दौरान 12 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे.

पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, अर्धसैनिक बलों का काफिला नियमित गश्त पर था, जब उसे सड़क किनारे लगाए गए बमों से निशाना बनाया गया. विस्फोट के बाद घात लगाए आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी. सेना ने बयान जारी कर बताया कि हमले में शहीद जवानों ने वीरता से मुकाबला किया, लेकिन दुश्मन ने भारी हथियारों का इस्तेमाल किया. पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार देर रात ऑरकज़ई ज़िले में एक खुफिया-आधारित अभियान चलाया. सेना के प्रवक्ता के अनुसार, इस दौरान सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 19 आतंकवादियों को मार गिराया. यह क्षेत्र कुर्रम के समीप स्थित है और टीटीपी के ठिकानों के लिए जाना जाता है.

तेहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पिछले कुछ महीनों से पाकिस्तान में हमलों को तेज़ कर रही है. संगठन का उद्देश्य सरकार को गिराकर अपनी कट्टरपंथी इस्लामी विचारधारा लागू करना है. पाकिस्तान सरकार का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान की भूमि का इस्तेमाल प्रशिक्षण और हमलों की योजना बनाने के लिए कर रही है.

# हिमाचल बस हादसा

**बिलासपुर.**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के झंडुता इलाके में हुए बस हादसे में 18 यात्रियों की मौत हो गई। बताया जाता है कि यात्रियों से भरी बस भूस्खलन की चपेट में आ गई। पहाड़ का मलबा बस पर आ गिरा। इस बस हादसे में प्रशासनिक लापरवाही भी सामने आई है। अगर समय रहते कदम उठाए जाते तो इतने लोगों की मौत नहीं होती। बताया जाता है कि जैसे ही यह हादसा हुआ ग्रामीणों ने तुरंत इसकी जानकारी प्रशासन तक पहुंचाई। लेकिन सूचना देने के बाद भी बचाव दल देरी से पहुंचा और जेसीबी मंगवाने में भी देर की गई। अगर समय रहते राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच जाता तो कई जानें बचाई जा सकती थी। मलबा हटाने में देरी होने से यात्रियों की दम घुटने से मौत हो गई। बताया जाता है कि प्राइवेट बस संतोषी मरोतन से घुमारवीं जा रही थी। बरठीं में भल्लू पुल के पास अचानक भूस्खलन हुआ और पहाड़ी का मलबा गिरने लगा। इस हादसे में बस पूरी तरह मलबे की चपेट में आ गई। बस में करीब 30 लोग सवार थे। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने इस हादसे पर शोक जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण हुई बस दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करती हू और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर शोक जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट किया गया है। पीएमओ की पोस्ट में लिखा है, ' हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में हुए एक हादसे में हुई जान-माल की हानि से दुखी हूं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

# भारत को वीजा में कोई छूट नहीं

## > पीएम स्टार्मर का स्पष्ट संदेश

**लंदन.**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री 2 दिन के दौरे पर भारत पहुंच चुके हैं. भारत रवाना होने से पहले स्टार्मर ने कहा किब्रिटेन भारत के लिए वीजा नियमों में ढील नहीं देगा. स्टार्मर ने कहा कि भारतीय प्रोफेशनल्स या स्टूडेंट्स के लिए और वीजा रूट्स खोलने की कोई योजना नहीं है. स्टार्मर ने भारत दौरे पर वीजा एजेंडे में शामिल नहीं है. यह सिर्फ बिजनेस, व्यापार, निवेश, नौकरियों और समृद्धि को यूनाइटेड किंगडम में लाने का मामला है. स्टार्मर ने कहा कि वीजा व्यापार समझौते में कोई भूमिका नहीं निभाते, भारत के साथ वीजा स्टेटस में कोई बदलाव नहीं हुआ है. जब उनसे पूछा गया कि क्या यूके अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1 बी वीजा नियमों में बदलाव के बाद टेक्नोलॉजी




प्रोफेशनल्स को लुभाने पर विचार कर सकता . इस पर स्टार्मर ने कहा कि हम सबसे बेस्ट प्रतिभाओं को दुनिया भर से लाना चाहते है, ताकि यूके की अर्थव्यवस्था बढ़ सके.

हालांकि स्टार्मर ने दोहराया कि भारत के लिए कोई नए वीजा रूट्स खोलने की कोई योजना नहीं है. ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर सरकार यूके में इमिग्रेशन की संख्या कम करने की कोशिश कर रही है. पिछले हफ्ते पार्टी कॉन्फ्रेंस ने एक पॉलिसी का ऐलान किया है. जिसके तहत सेटलमेंट स्टेटस पर सख्ती की जाएगी.

स्टार्मर से पूछा गया कि क्या वे रूस से तेल खरीदने के लिए मोदी की आलोचना करेंगे. इस पर स्टार्मर ने कहा कि यूके का ध्यान रूस के शैडो फ्लीट पर है. स्टार्मर ने कहा कि यूके शैडो फ्लीट को पहचानने वाले टॉप देशों में से एक रहा है. शैडो फ्लीट उन अनियंत्रित तेल टैंकरों का समूह है जो रूस से तेल ला रहे हैं. ये टैंकर आम तौर पर नियम-कायदों से बचने के लिए जहाज का नाम, झंडा, या पहचान बदलते रहते हैं ताकि अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों या प्रतिबंधों से बचा जा सके.

भारत-यूके कंप्रेहेंसिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट पर भी चर्चा होगी, जिसे भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भी कहा जाता है. अगर इस समझौते को ब्रिटिश संसद से मंजूरी मिल जाती है तो दोनों देशों के बीच 90% से ज्यादा सामानों पर टैरिफ खत्म हो जाएगा.

# 8 अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली.**




सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने इंटरपोल के वैश्विक अभियान 'ऑपरेशन हेचि -VI' में सक्रिय भागीदारी करते हुए एक बड़ी कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन का मकसद साइबर के ज़रिए होने वाले वित्तीय अपराधों और ऑनलाइन ठगी के गिरोहों पर लगाम लगाना था। इस अभियान में सीबीआई ने एफबीआई (अमेरिका),यूएस डिपार्टमेंट ऑफ़ जस्टिस और जर्मन अथॉरिटीज़ के साथ मिलकर काम किया।

इस कार्रवाई के दौरान सीबीआई ने 8 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया और 45 संदिग्धों की पहचान की है जो अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन ठगी और नाबालिग लड़कियों के साथ अश्लील गतिविधियों में शामिल थे। सीबीआई की टीम ने इन अपराधियों के पास से करीब 66,340 अमेरिकी डॉलर (लगभग 55 लाख) की नकदी बरामद की और 30 बैंक खातों को फ्रीज किया गया है।

एफबीआई से मिली जानकारी के आधार पर सीबीआई ने दो ऐसे अपराधियों को पकड़ा जो अमेरिकी नाबालिग लड़कियों को सोशल मीडिया पर निशाना बनाकर डराते-धमकाते थे और उनसे अश्लील तस्वीरें व वीडियो मंगवाते थे। इसी दौरान, सीबीआई ने दिल्ली और अमृतसर में चल रहे फर्जी टेक सपोर्ट कॉल सेंटर्स पर भी छापे मारे जो अमेरिकी नागरिकों को तकनीकी सहायता के बहाने ठग रहे थे।

वहीं, जर्मन अधिकारियों से मिली जानकारी के आधार पर सिलिगुड़ी (दार्जिलिंग) में एक और फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया जो जर्मनी के लोगों को ऑनलाइन ठगने में शामिल था। सीबीआई के मुताबिक, ऐसे साइबर गिरोह देश और विदेश दोनों जगह लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं। इंटरपोल और अन्य विदेशी एजेंसियों के साथ मिलकर की गई इस कार्रवाई से कई बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क ध्वस्त हुए हैं।

# बैन होने के बाद कनाडा में और खतरनाक हुआ बिश्नोई गैंग

**ओटावा.** कनाडा में बैन होने के बाद बिश्नोई गैंग और ही ज्यादा खतरनाक हो गया है. 29 सितंबर को कनाडा की सरकार ने बिश्नोई गैंग पर प्रतिबंध लगाया था, तब से अब तक (8 अक्टूबर) बिश्नोई गैंग 6 जगहों पर गोलीबारी कर चुका है. दिलचस्प बात है कि बिश्नोई गैंग के गुर्गे खुलकर इन घटनाओं की जिम्मेदारी ले रहे हैं. बिश्नोई गैंग के सरगना लॉरेंस वर्तमान में गुजरात के साबरमती जेल में बंद है. इस गैंग के पास भारत और कनाडा में करीब 700 गुर्गे हैं. बिश्नोई गैंग की पहचान जबरन वसूली, हत्या करने वाले एक संगठन के रूप में है.कनाडा की सरकार ने 29 सितंबर को बिश्नोई गैंग पर बैन लगाया था. कनाडा सरकार का कहना है कि बिश्नोई गैंग यहां पर चरमपंथ फैला रही है. बिश्नोई गैंग का नाम पिछले कई सालों से कनाडा में टारगेट किलिंग से जुड़ता रहा है. बिश्नोई गैंग पर आरोप है कि सिख चरमपंथियों को गैंग के सदस्य लगातार निशाने पर लेती रही है. बिश्नोई गैंग पर कई बड़े हमले का भी कनाडा में आरोप है. कनाडा में बिश्नोई गैंग का गोल्डी बरार, अभिजीत किंगरा और गोल्डी ढिल्लोन जैसे गुर्गे खास तौर पर एक्टिव हैं.गोल्डी ने पोस्ट लिखकर आगे कहा है कि आने वाले वक्त में इस तरह की शिकायत मिलती है, तो फिर गोलीबारी की घटना होगी. इसी तरह रविवार को लॉरेंस गैंग के फतेह पुर्तगाल ने एक अटैक की जिम्मेदारी ली. फतेह पुर्तगाली ने पोस्ट के साथ गोलीबारी की वीडियो भी जारी की. 1982 में पंजाब के फाजिल्का में जन्मे लॉरेंस बिश्नोई अपना खुद का गैंग चलाता है. 2018 में गैंग पहली बार मशहूर अभिनेता सलमान खान को धमकी देकर सुर्खियों में आया था, तब से गैंग कई बार सलमान खान को जान से मारने की धमकी दे चुका है. यह गैंग भारत, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में एक्टिव है. गैंग के सरगना लॉरेंस बिश्नोई जेल में बंद है. इसके बावजूद गैंग काफी एक्टिव है. गैंग के कई गुर्गों के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी है.

# दिवाली-छठ और चुनाव का जुड़ाव कब से हिट?

**पटना.**

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया गया है, जो दिवाली और छठ के तुरंत बाद होने वाला है। रिजल्ट भी झटपट आ जाएगा यानी 14 नवंबर को। बिहार के चुनावी इतिहास के बारे में बात करें तो साल 2000 और इससे पहले बिहार में विधानसभा के चुनाव फरवरी में होते थे, लेकिन 2005 में इसका पैटर्न बदला और चुनाव अक्टूबर-नवंबर के महीने में होने लगे। इस पैटर्न के पीछे की वजह शायद ये रही होगी कि अक्टूबर-नवंबर त्योहार का महीना होता है और दिवाली छठ में बिहार के लोग कहीं भी रहें त्योहार में घर जरूर आते हैं। छठ महापर्व पर हर साल देश के किसी कोने विदेशों में रहने वाले बिहारी घर आते हैं। छठ के आस-पास चुनाव कराने की परंपरा की शुरुआत साल 2005 में हुई थी, जब बिहार में एक ही साल में दो बार चुनाव हुए थे। इस साल पहली बार हुए चुनाव के लिए मतदान फरवरी में तीन चरणों में हुए थे। पहले चरण की वोटिंग तीन फरवरी, दूसरे चरण की वोटिंग 15 फरवरी और तीसरे चरण की वोटिंग 23 फरवरी को हुई थी। इस चुनाव में लालू की राजद को 75, नीतीश की जदयू को 55, और भाजपा को 37 सीटों पर जीत मिली। फिर इसी साल दूसरी बार विधानसभा चुनाव हुए थे जो चार चरणों में हुए थे।

# बैन कफ सिरप से बच्चों की मौत

## >दो साल बाद भी जांच जारी

**नई दिल्ली.**

मध्य प्रदेश में जिस कफ सिरप से 16 से ज्यादा बच्चों की मौत हुई। उस कफ सिरप से संबंधित फॉर्मूला को लेकर केंद्र सरकार ने दो साल पहले ही चेतावनी जारी की थी और कफ सिरप फॉर्मूला पर बैन भी लगा दिया था। लेकिन राज्यों की लापरवाही और कंपनियों की गैर-जिम्मेदारी की वजह से बच्चों की मौतें हुईं।



18 दिसंबर 2023 को सभी राज्यों को भेजा गया केंद्र के आदेश का पत्र भी सामने आया है। जिसमें साफ लिखा है कि चार साल से छोटे बच्चों को क्लोरफेनिरामाइन मेलिएट 2 mg और फिनाइलफ्राइन एचसीएल 5mg वाले सिरप न दिए जाएं। जांच में इन सिरप का फायदा कम और नुकसान ज्यादा पाया गया। दवा के लेबल पर चेतावनी लिखना भी अनिवार्य किया गया था। केंद्र के इस आदेश का पालन न तो राज्य सरकारों ने किया और न ही दवा कंपनियों ने लेबल बदले। राज्य सरकारों ने भी इस पर रोक नहीं लगाई। इसके अलावा कोई जागरूकता अभियान भी नहीं चलाया। इस परिणाम यह हुआ कि मध्य प्रदेश में 16 से ज्यादा बच्चों की मौत 'कोल्ड्रिफ सिरप" से हुई। इस सिरप में वही बैन फॉर्मूला (पेरासिटामोल + क्लोरफेनिरामाइन + फिनाइलफ्राइन) था। बोतल पर कोई चेतावनी नहीं लिखी थी।

### कफ सिरप फॉर्मूले पर केंद्र ने लगाई थी रोक

केंद्र ने पहले ही फाइल नंबर 04-01/2022-डीसी से इस फॉर्मूले पर बच्चों में रोक लगाई थी। जांच में पाया गया कि दवा पर चेतावनी लेबल नहीं था, जिससे टीमें भी चौंक गईं। गांबिया कफ सिरप घटना के बाद केंद्र ने कहा था कि हर कंपनी को डब्ल्यूएचओ-जीएमपी प्रमाण पत्र (गुणवत्ता प्रमाण) लेना होगा।